RNI No MPHIN/2016/67534
दैनिक रुद्रांश दर्पण समाचार-पत्र
को मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश के समस्त जिले एवं तहसील में ब्यूरों एवं एजेंसी नियुक्त करना है। पत्रकारिता के अनुभवी व्यक्ति सम्पर्क करें
प्रधान संपादक अंतरिक्ष पवार
सम्पर्क 8770227143 8109227153

भोपाल से प्रकाशित और छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश व राजस्थान से प्रसारित

RNI No. MPHIN/2016/67534

दैनिक रुद्रांश दर्पण

संपादक : अंतरिक्ष पवार

**सुविचार**

मानव जिस लक्ष्य में मन लगा देता है, उसे वह श्रम से हासिल कर सकता है।

वर्ष-9, अंक-176 | भोपाल, गुरुवार 19 सितम्बर 2024 | पृष्ठ-08 मूल्य-2 रु.

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज उज्जैन आएंगी

## महाकाल दर्शन कर फोरलेन की रखेंगी नींव...बंद रहेंगे कई रास्ते

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 19 सितम्बर को इन्दौर से प्रातः उज्जैन पहुंचेंगी। उज्जैन आगमन के बाद राष्ट्रपति प्रातः 10.10 बजे ग्राम ढेंडिया स्थित होटल रूद्राक्ष परिसर में देश की स्वच्छता में योगदान देने वाले कर्मठ सफाई-मित्रों से संवाद करेंगी एवं स्वच्छता पखवाड़े सम्बन्धित प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगी। इसके पश्चात राष्ट्रपति ग्राम ढेंडिया होटल रूद्राक्ष परिसर में आयोजित सफाई मित्र सम्मेलन एवं उज्जैन-इन्दौर सिक्सलेन रोड के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वागत भाषण देंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु स्वच्छता मित्रों को सर्टिफिकेट वितरित करेंगी। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु उज्जैन-इन्दौर सिक्स लेन का भूमिपूजन वर्चुअली करेंगी। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु का श्री महाकालेश्वर मन्दिर के नन्दी द्वार पर स्वागत, स्वस्ति वाचन एवं शंख वादन से होगा। इसके बाद राष्ट्रपति ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर के दर्शन, पूजन-अर्चन कर जलाभिषेक करेंगी। नन्दी हॉल में श्री महाकालेश्वर मन्दिर प्रबंध समिति द्वारा राष्ट्रपति महोदय का शाल, श्रीफल, मोमेंटो एवं प्रसाद देकर स्वागत किया जायेगा। दर्शन के बाद मन्दिर परिसर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत राष्ट्रपति श्रमदान करेंगी। इसके पश्चात शिखर दर्शन कर कोटि तीर्थ पर राष्ट्रपति के साथ समुह चित्र खिंचवाया जायेगा।

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री करेंगे स्वागत

राष्ट्रपति की सुरक्षा में ढाई हजार से ज्यादा का पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। वह चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा इंतजाम देंखेंगे। बुधवार शाम 4:50 बजे इंदौर एयरपोर्ट में राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री मोहन यादव उनकी अगवानी करेंगे। यहां से सड़क मार्ग के जरिए एमजी रोड स्थित मृगनयनी एम्पोरियम जाएंगी।

### ट्रैफिक डायवर्जन प्लान जारी

राष्ट्रपति के इंदौर प्रवास को लेकर यातायात पुलिस ने रूट प्लान जारी किया है। बुधवार दोपहर 3 बजे से एयरपोर्ट डीआरपी लाइन, मरीमाता, कालानी नगर मार्ग बंद रहेगा। एयरपोर्ट जाने वाले लोग एमआर-10, लवकुश चौराहा से सुपर कॉरिडोर होकर जाएंगे। इसी तरह भंवरकुआं क्षेत्र से एयरपोर्ट जाने वाले लोग महू नाका, गंगवाल बस स्टैंड, चंदन नगर, नावदापंथ, दिलीपनगर कट, सुपर कॉरिडोर चौराहे से होकर जाएंगे। विजयनगर से भंवरकुआं आने-जाने में रिंग रोड का उपयोग करें। सरवटे बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन से उज्जैन जाने वाले वाहन एसजीएसआईटीएस, राजकुमार ब्रिज, लक्ष्मीबाई बाई रेलवे स्टेशन, बाणगंगा रेलवे फाटक होते हुए आवागमन करेंगे।



### इंदौर-उज्जैन फोरलेन का भूमिपूजन

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु गुरुवार को महाकाल दर्शन के लिए सुबह 11:30 बजे उज्जैन पहुंचेंगी। महाकाल मंदिर में वह 45 मिनट रहेंगी। इसके बाद स्वच्छताकर्मी सम्मान समारोह में शामिल होंगी। साथ ही इंदौर-उज्जैन फोरलेन निर्माण का भूमिपूजन करेंगी।

### शुद्ध और सात्विक भोजन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु एमपी दौरे में ऑर्गेनिक भोजन ही करेंगी। इस दौरान वह आलू, अरबी और गोभी जैसी सब्जियां नहीं लेंगी। भोजन भी शुद्ध शाकाहारी और बिना लहसुन-प्याज वाला होगा। मिठाई की बजाय फलों को उनके भोजन में शामिल किया गया है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी का कार्यक्रम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 18 सितंबर की शाम 4:50 बजे इंदौर एयरपोर्ट पहुंचेंगी। शाम 5:15 बजे एमजी रोड पर मृगनयनी एंपोरियम हस्तशिल्प कलाकारों से मुलाकात करेंगे। शाम 5:50 बजे से शाम 6:30 बजे तक वह रेसीडेंसी कोठी में कुछ लोगों से मुलाकात करेंगी। यहीं पर रात्रि विश्राम होगा। 19 सितंबर को सुबह 9:30 बजे राष्ट्रपति हैलीकॉप्टर से उज्जैन जाएंगी। वहां महाकाल मंदिर में दर्शन-पूजा करेंगी। दोपहर 11:30 बजे इंदौर आकर रेसीडेंसी कोठी में विश्राम करेंगी। फिर दोपहर 3:20 बजे देवी अहिल्या विवि के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी।

# अकादमी बनाकर मलखंब और जिम्नास्टिक को किया जाएगा प्रोत्साहित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रत्येक जिले में बनेगा हेलीपेड युक्त खेल स्टेडियम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में मलखंब और जिम्नास्टिक को प्रोत्साहित करने के लिए उज्जैन में पृथक-पृथक अकादमी का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि साहसिक खेल गतिविधियों को पर्यटन एवं वन के साथ जोड़कर स्पोर्ट्स एडवेंचर के रूप में मुख्य खेलों में शामिल करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विभिन्न जिलों से युवाओं का चयन कर साहसी खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएं। उन्होंने कहा कि महिला, किसान, युवा, गरीब को ध्यान में रखकर रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम संचालित किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रत्येक जिले में खेल स्टेडियम का निर्माण इस प्रकार किया जाए कि प्रत्येक स्टेडियम में एक हेलीपेड भी हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में बुधवार को खेल एवं युवक कल्याण की विभागीय गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव श्रीमती स्मिता भारद्वाज घाटे, प्रमुख सचिव श्री मनीष रस्तोगी एवं संचालक श्री रवि कुमार गुप्ता भी उपस्थित थे।



### काठियावाड़ी घोड़े ज्यादा श्रेष्ठ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि घुड़सवारी के खेल के लिए काठियावाड़ी घोड़ों का प्रदर्शन बहुत अच्छे स्तर का होता है। हम काठियावाड़ी घोड़ों को खेलों में शामिल करते हैं तो और भी बेहतर प्रदर्शन किया जा सकता है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री सारंग ने कहा कि घुड़सवारी एवं शूटिंग में मध्यप्रदेश की परफार्मेंस अच्छी है। यहाँ की खेल अकादमी श्रेष्ठ अकादमियों में से एक है। अकादमी में 32 घोड़े प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध हैं। घुड़सवारी भी एकमात्र ऐसा खेल है जिसमें महिला और पुरुष दोनों ही वर्ग के खिलाड़ी एक साथ भाग लेते हैं।

### संचालक बनेंगे अब महानिदेशक खेल

मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग द्वारा संचालक खेल के पद को महानिदेशक खेल के रूप में उन्नयन करने एवं विभागीय कैडर में संयुक्त संचालक का पद संचालक खेल के पद पर उन्नयन का प्रस्ताव समीक्षा बैठक में रखा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नियमानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### खेलो-बढ़ो अभियान से जुड़ेंगे युवा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि योजना में सिर्फ अधोसंरचना ही विकसित नहीं हो, उसके साथ खेल गतिविधियां भी प्राथमिकता से संचालित की जाएं। उन्होंने कहा कि इन खेलों से हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी के छात्र-छात्राओं को इस योजना से जोड़ा जाए। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की खेल भावना को पहचानना और उसका विकास करना है। इससे खेलों के प्रति विद्यार्थियों की रूचि और उनकी भागीदारी भी बढ़ेगी। खेलो इंडिया की तर्ज पर, खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन किया जाएगा। इसमें सभी विकासखंड के 16 वर्ष से कम आयु के प्रतिभागी शामिल होंगे, जिसमें 24 खेल शामिल किए गए हैं।

### खिलाड़ी बन सकेंगे राजपत्रित अधिकारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ओलम्पिक एवं एशियन गेम्स पदक विजेता खिलाड़ियों को राजपत्रित अधिकारी के पद पर नियुक्ति दिए जाने के प्रस्ताव को कैबिनेट में प्रस्तुत किया जाये। उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शैक्षणिक योग्यता के आधार पर उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा, वन, आबकारी, परिवहन, पुलिस और अनुसूचित जनजाति विभागों में खेल कोटे से नौकरी दिए जाने के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अन्य राज्यों में खेल कोटे में नियुक्ति के लिए प्रचलित नियमों के साथ प्रस्ताव रखने के निर्देश दिए।

### गरिमापूर्ण हो खेल समारोह

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खेल समारोह का आयोजन कैलेंडर बनाकर करें। इसे किसी दिन विशेष से जोड़कर शुरू किया जाए। राष्ट्रीय स्तर पर खेल मंथन शिविर के प्रस्ताव पर उन्होंने कहा कि एक दिन राज्य स्तर पर और एक दिन राष्ट्रीय स्तर पर मंथन के लिए रखें। खेल एवं दी जाने वाली सुविधाओं का समग्र प्लान बनाकर मंथन की तैयारी करें। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्रामीण युवाओं से समन्वय कर जिलों और विकासखंड स्तर पर राष्ट्रीय पर्वों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

**मध्य प्रदेश में बड़ी वारदात...**

# ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए बदमाशों ने लूटी बैंक, दो महिलाओं समेत 3 घायल

मध्य प्रदेश के नीमच में बड़ी वारदात सामने आई है। यहां नकाबपोश बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर बैंक लूट ली। इस दौरान गोली लगने से दो महिलाओं समेत तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। बदमाश इस दौरान बैंक से 71 हजार रुपए लूटकर ले गए हैं। नीमच से करीब 20 किमी दूर चीताखेड़ा गांव में यह वारदात बुधवार दोपहर साढ़े 12 बजे हुई है। बैंक लूटने की इस वारदात से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ। साथ ही चीताखेड़ा गांव के लोग दहशत में




हैं। सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

महिलाओं को लगी गोली, सफाईकर्मी पर हमलागोली चलते ही बैंक में अफरा-तफरी मच गई। वहां खड़े लोग डर के मारे बाहर भागने लगे। इस दौरान दो महिलाओं झूमा बाई (21) और मांगीबाई (30) को पैर में गोली लगी है। जबकि, बदमाशों ने सफाईकर्मी पर सिर पर बंदूक की बट से हमला कर दिया है। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

**शिक्षा मंत्री के बयान से बवाल**

# कांग्रेस बोली-माफी मांगें, अतिथि शिक्षकों को लेकर क्या बोले-राव उदय प्रताप

मध्य प्रदेश में स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के एक बयान से बवाल मचा हुआ है। मंत्री ने अतिथि शिक्षकों को मेहमान बताते हुए उनके नियमितीकरण के सवाल पर ही सवाल उठाए है। उन्होंने कहा कि अतिथि शिक्षकों का नियमितीकरण क्यों करना चाहिए। उनका नाम ही अतिथि है। मेहमान बनकर आए हो तो क्या घर में कब्जा करोगे? मध्य प्रदेश के 90 हजार से ज्यादा अतिथि शिक्षक लंबे समय से नियमितीकरण की मांग कर रहे हैं। पिछले दिनों राजधानी भोपाल में उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया था। सोमवार को यह मुद्दा जब स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के समक्ष उठाया गया तो उन्होंने दो टूक जवाब दे दिया।



**स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा...** स्कूल शिक्षा मंत्री ने मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए कहा, जहां गैप है और शिक्षक कम हैं, वहां गेस्ट टीचर्स को लगाया जाता है। पिछले दिनों वह आए थे। इस पर हमने बैठक की है। दो-तीन मांगों पर विचार किया जा रहा है। हमारी पूरी कोशिश होगी कि अतिथि शिक्षकों को बीच सत्र में न निकाला जाए। उनके हितों की रक्षा करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नियमितीकरण के सवाल पर मंत्री राव उदय प्रताप ने बताया, गत वर्ष 68 हजार शिक्षक थे, लेकिन इस बार कम हो गए हैं। युक्ति-युक्तिकरण और अतिशेष शिक्षकों से काफी हद तक शिक्षकों की कमी की पूरी हुई है। जहां रेगुलर टीचर हैं तो फिर अतिथि शिक्षक क्यों भर्ती करेंगे? भर्ती कर भी लेंगे तो सैलरी कहां से देंगे? वित्तीय प्रबंधन और न्यायसंगत चीजों का समायोजन जरूरी है। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा, अतिथि शिक्षकों का न्यायालयीन प्रकरण पेंडिंग हैं। इसमें तेजी लाने सरकार हर संभव प्रयास करेगी।

**पटवारी बोले-शिवराज ने किया था वादा** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मंत्री के बयान पर पलटवार किया है। कहा, कब्जा क्या होता है? अतिथि शिक्षकों को एक व्यवस्था के तहत रखा जाता है। वे सेवाएं देते हैं और सरकार उनकी सेवाएं लेना चाहती है। बाद में उन्हें अपमानित किया जाता है। शिक्षा मंत्री को इस पर माफी मांगनी चाहिए। जीतू पटवारी ने कहा, अतिथि शिक्षकों के नियमितीकरण का वादा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया था, लेकिन अब तक पूरा नहीं हुआ।

### कांग्रेस का घोषणा पत्र 500 में गैस सिलेंडर, बुजुर्गों को 6 हजार पेंशन 2 लाख सरकारी नौकरी...हरियाणा में कांग्रेस का मैनिफेस्टो जारी

हरियाणा के लिए कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। इस घोषणा पत्र में महिलाओ, युवाओं और बुजुर्गों को ध्यान में रखकर वादे किए गए हैं। कांग्रेस की ओर से पहले चरण का मेनिफेस्टो रिलीज कर दिया गया है। जिसमें सात गारंटी की घोषणा की की गई है। जबकि दूसरे चरण का मेनिफेस्टो चंडीगढ़ में रिलीज होगा। दरअसल,यह घोषणापत्र कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को जारी किया है। घोषणापत्र पर बोलते हुए खड़गे ने कहा कि पार्टी यह पता लगाने के लिए जाति सर्वेक्षण कराएगी कि कल्याण योजनाओं में हर समुदाय कहां खड़ा है। उन्होंने कहा कि इससे शिक्षा और नौकरियों में जातियों की भागीदारी की पहचान करने में मदद मिलेगी। इस दौरान खड़गे ने वादा किया कि अगर कांग्रेस पार्टी हरियाणा में सत्ता में आई तो पर कानूनी गारंटी देगी। घोषणापत्र जारी करते वक्त कांग्रेस पार्टी के दिल्ली मुख्यालय में खड़गे के साथ दिल्ली कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और हरियाणा कांग्रेस प्रमुख उदय भान भी मौजूद रहे।

### 21 सितंबर को सीएम पद की शपथ ले सकती हैं आतिशी, उपराज्यपाल ने राष्ट्रपति को भेजा प्रस्ताव

दिल्ली की भावी मुख्यमंत्री आतिशी जल्द ही सीएम पद की शपथ ले सकती हैं। खबरों की मानें, तो दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बुधवार को अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा राष्ट्रपति को भेज दिया है। इसके साथ ही उन्होंने अतिशी के शपथ ग्रहण के लिए 21 सितंबर की तारीख का प्रस्ताव भी भेजा है। अगर राष्ट्रपति से मंजूरी मिलती है, तो आतिशी 21 तारीख को ही मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकेंगी। दिल्ली के सीएम और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपना इस्तीफा मंगलवार को उपराज्यपाल को सौंप दिया था। इससे पहले ही विधायक दल की बैठक में आतिशी के नाम की मुहर लगा दी थी।



जिसमें कहा गया था कि आतिशी ही दिल्ली की नई सीएम होंगी। वहीं कहा जा रहा है कि इस्तीफा देने के बाद अरविंद केजरीवाल अपना सरकारी आवास छोड़ देंगे। इस पर आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हमने अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा को लेकर उनसे कहा था कि वे सरकारी आवास न छोड़े। हालांकि, वो नहीं माने। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि अरविंद केजरीवाल अगले हफ्ते तक सरकारी आवास को खाली कर सकते हैं। बता दें कि अरविंद केजरीवाल ने 15 सितंबर को ऐलान किया था। वो दो दिन बाद ही दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे।

**ट्रेनों के संचालन में आएगी तेजी**

# इटारसी से विजयवाड़ा के बीच बिछेगी 978 किमी लंबी रेललाइन

मध्यप्रदेश के इटारसी से आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा के बीच नई रेललाइन बिछाने की तैयारी है। रेलवे ने इस प्रोजेक्ट का जमीनी सर्वे पूरा कर लिया है। अब मिट्टी परीक्षण के लिए नमूने लिए जा रहे हैं। रेलवे का मानना है कि 978 किमी लंबी यह रेललाइन बिछाने से न केवल यात्री परिवहन, बल्कि मालगाड़ियों के संचालन में भी तेजी आएगी। रेलवे के इंजीनियर इटारसी, मुलताई, पांढुर्ना और नागपुर जैसे प्रमुख स्टेशनों के आसपास मिट्टी के नमूने लिए हैं। मिट्टी सर्वेक्षण का का यह हैदराबाद की आरवी एसोसिएट्स द्वारा किया जा रहा है। मिट्टी परीक्षण के बाद प्रस्तावित ट्रैक की मजबूती और स्थायित्व का आंकलन किया जाएगा।

**नए स्टेशन बनेंगे** इटारसी-विजयवाड़ा रेललाइन बिछाने के बाद इटारसी, बैतूल, आमला, नागपुर, वल्लारशाह, रामगुंडम और विजयवाड़ा के अलावा कुछ नए स्टेशन भी बनाए जाएंगे। जहां यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और नए इलाकों को रेलवे नेटवर्क से जोड़ा जाएगा।



**110 किमी की रफ्तार से दौड़ेंगी ट्रेन** इटारसी-विजयवाड़ा रेललाइन मौजूदा ट्रैक से अलग रूट पर बिछाई जानी है। कुछ जगह यह पुराने ट्रैक के पास से भी गुजरेगी। इसे मालगाड़ियों के लिहाज से डिजाइन किया जाएगा। इस ट्रैक पर गाड़ियां 110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकेंगी।

**इटारसी के 9, बैतूल के 88 गांव चिह्नित** उत्तर और दक्षिण भारत के बीच प्रस्तावित डेडिकेटेड फ्रेट 978 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर प्रस्तावित है। इस कॉरिडोर में तीसरी और चौथी लाइन बिछाई जा रही हैं, जिस पर मालगाड़ियां ही चलेंगी। रेलवे ने इटारसी में 9 और बैतूल में 88 गांव इस परियोजना क लिए चिह्नित किए हैं।

**बंद होंगे 11 रेलवे गेट, बनेंगे अंडरपास** इटारसी से विजयवाड़ा के बीच 11 रेलवे गेट बंद करने की भी योजना है। ताकि, मालगाड़ियों और ट्रेन संचालन में आसानी हो। इस रूट पर नए फ्लाईओवर और अंडरपास भी बनाए जाएंगे। नई लाइन बिछाने के साथ कुछ जगह पुराने रेलवे ट्रैक को उन्नत किया जाएगा।

# कलेक्टर श्री सिंह ने कपिल परमार को शाल-श्रीफल भेंटकर किया सम्मानित




**रुद्रांश दर्पण सीहोर**

कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने पैरालंपिक में कांस्य पदक जीतकर देश को जूडों में पहला पदक दिलाने वाले सीहोर के श्री कपिल परमार को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि कपिल ने पैरालंपिक में कांस्य पदक जीतकर देश को जूडों में पहला पदक दिला कर सीहोर जिले के साथ ही देश का भी नाम दुनिया में रोशन किया है। कपिल की इस जीत पर कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने उन्हें बधाई दी। उल्लेखनीय है कि कपिल ने अपने पहले पैरालम्पिक में ही काँस्य पदक और जूडो में देश का पहला पदक जीत कर पूरी दूनिया में देश का नाम रोशन कर दिया है। पेरिस में आयोजित पैरालंपिक में 05 सितंबर को कपिल का मुकाबला ब्राजील के खिलाड़ी एलिल्टन डी ओलीवेरिया के मध्य काँस्य पदक के लिये खेला गया, जिसमें 10-0 से कपिल ने मुकाबला जीतकर काँस्य पदक जीता। कपिल अब तक 17 अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। कपिल अब तक 8 स्वर्ण पदक सहित कुल 13 अंतर्राष्ट्रीय पदक जीत चुके हैं।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने आमाडांड खुली खदान का किया निरीक्षण



**रुद्रांश दर्पण अनूपपुर**

कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोती उर रहमान ने आज अनूपपुर जिले के आमाडांड़ खुली खदान का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने खदान में किए जाने वाले कोयला उत्खनन, आधुनिक मशीनों के माध्यम से सतह स्तरीय माइनिंग की प्रक्रिया, डम्फरों और माल गाड़ी के माध्यम से कोयले का परिवहन सहित कोयले का भण्डारण, साइलो और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने खदान के व्यू पॉइंट से माइन्स की गतिविधियों को देखने के अलावा एसईसीएल प्रबंधन के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोतमा श्री अजीत तिर्की, जनरल मैनेजर श्री एच.एस. मदान, सब एरिया मैनेजर श्री विपिन कुमार, उप महाप्रबंधक श्री डी.के. रघुवंशी, सेफ्टी ऑफिसर श्री विनम्र जैन, स्टाफ ऑफिसर श्री पी.के. द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कोयला खदानों में हैवी ब्लास्टिंग पर नियंत्रण रखने और अति आवश्यक होने पर सीमित ब्लास्टिंग के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने परियोजना के विस्तार, पर्यावरण संरक्षण को लेकर किए जा रहे उपाय, पौधरोपण, सीएसआर गतिविधियों, भू-अर्जन, राजस्व प्रकरण, पुनर्वास एवं रोजगार प्रकरणों से सम्बंधित समस्याओं एवं समाधान पर चर्चा किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा के मापदण्डों, माईन्स के संचालन के लिए उपयोग की जा रही टेक्नालाजी तथा अन्य कार्यों के संबंध में अधिकारियों से विचार-विमर्श करते हुए जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कोयले की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने माइंस में कार्य कर रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जानकारी भी प्राप्त की।

# गोगावां जनपद में चलाया स्वच्छता ही सेवा अभियान




**रुद्रांश दर्पण खरगोन**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म-दिन 17 सितम्बर से प्रारम्भ हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन 02 अक्टूबर गांधी जयंती पर होगा। स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान जन-जन को स्वच्छता अपने व्यवहार में आत्मसात करने व प्रेरित करने के लिए सभी स्तर पर स्वच्छता सम्बंधी विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जा रही है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान स्थानीय स्तर पर जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नागरिकों को स्वच्छ भारत बनाने के लिये शपथ दिलाई जायेगी। छात्रों और युवाओं की भागीदारी के साथ स्वच्छता पर केन्द्रित गीत, नृत्य, प्रश्नोत्तरी और नुक्कड़ नाटक विभिन्न स्थानों पर आयोजित किये जायेंगे। अभियान के दौरान स्वच्छता पर केंद्रित स्लोगन लेखन के कार्यक्रम भी होंगे, सरकारी कार्यालय और सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया जायेगा।इसी कड़ी में 18 सितंबर को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जनपद पंचायत गोगावा की ग्राम पंचायत गोपालपुरा की अमृत बाल वाटिका की साफ सफाई की गई। साथ ही गोगावां जनपद की ग्राम पंचायत ठिबगांव बुजुर्ग की आंगनवाड़ी व स्कूल के बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, साहयिका, स्कूल स्टाफ के साथ प्रेरक रूपसिंह चौहान द्वारा साथ साझा हाथ धुलाई की गई। वहीं शहीद राजेन्द्र यादव हायर सेकेंडरी स्कूल घुघरियाखेड़ी में एवं ग्राम पंचायत नागझिरी द्वारा 18 सितंबर को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत साइकिल रैली का आयोजन कर नागरिकों को स्वच्छता बनाये रखने का संदेश दिया गया।

# गेहूँ के थोक व रिटेल स्टॉक की लिमिट निर्धारित

**रुद्रांश दर्पण ग्वालियर**

**जिले के व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों को बैठक लेकर दी गई स्टॉक लिमिट की जानकारी**

**थोक विक्रेता के यहाँ 2 हजार टन गेहूँ भण्डारित करने की लिमिट**

**रिटेल व बिग चेन रिटेलर के लिये भी स्टॉक की लिमिट निर्धारित**



गेहूँ के भण्डारण की स्टॉक लिमिट सरकार द्वारा निर्धारित की गई है। भारत के राजपत्र में 9 सितम्बर 2024 से 31 मार्च 2025 तक की अवधि तक के लिये यह लिमिट निर्धारित की गई है। अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार व श्री कुमार सत्यम ने शहर के व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि, खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम, वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन, मंडी सचिव तथा उप संचालक कृषि की बैठक लेकर गेहूँ के स्टॉक लिमिट एवं उससे संबंधित प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में स्पष्ट किया गया कि किसी व्यापारी के पास यदि निर्धारित सीमा से अधिक गेहूँ का स्टॉक है तो वह अधिसूचना जारी होने की तिथि 9 सितम्बर 2024 से 15 दिन के भीतर अपने स्टॉक को निर्धारित सीमा तक ला सकता है। जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री विपिन कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार व्यापारी व थोक विक्रेता को 2 हजार टन तक गेहूँ के स्टॉक की अनुमति रहेगी। रिटेलर के प्रत्येक आउटलेट के लिये 10 टन की सीमा निर्धारित की गई है। इसी तरह बिग चेन रिटेलर प्रत्येक आउटलेट के लिये 10 टन स्टॉक रख सकेगा। डिपो के कुल 10 आउटलेट मान्य किए जायेंगे। व्यापारियों को मासिक स्थापित क्षमता की 60 प्रतिशत मात्रा को मौजूदा वित्तीय वर्ष के शेष महीनों में प्रावधानों के आधार पर विभक्त कर भण्डार की स्थिति को पोर्टल पर अनिवार्यतः प्रदर्शित करना होगा। गेहूँ की स्टॉक सीमा का पालन कराने के लिये राज्य शासन द्वारा भी राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित कराकर कलेक्टर, अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, जिला आपूर्ति नियंत्रक, सहायक आपूर्ति अधिकारी व कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को अधिकृत किया गया है। सभी अधिकारी अपने-अपने जिले की सीमाओं के भीतर व्यापारिक परिसरों की तलाशी लेकर स्टॉक का पालन सुनिश्चित करायेंगे। इन सभी को व्यापारिक परिसरों में प्रवेश, तलाशी तथा अधिग्रहण आदि की शक्तियाँ प्रदान की गईं हैं।



**रुद्रांश दर्पण अशोकनगर** कलेक्टर श्री सुभाष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ग्राम पंचायतों के सरपंचों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि ग्राम पंचायतों के समग्र विकास के लिए सरपंच अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें। जिससे ग्राम पंचायतों को आदर्श पंचायतों के रूप में विकसित किया जा सके। बैठक में कलेक्टर श्री सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना,गौशालाओं का संचालन तथा निराश्रित गौवंश के संरक्षण के तहत उत्कृष्ट कार्य करने पर सरपंचों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## भोपाल में परियोजना बाणगंगा द्वारा आंगनवाडी केन्द्रों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर मनाया पोषण उत्सव



**रुद्रांश दर्पण भोपाल**

राष्ट्रीय पोषण माह 01 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024 तक तीसरे सप्ताह में स्वस्थ जीवन शैली अंतर्गत दंत एवं मुख जांच शिविर का आयोजन केंद्र कं- 717 में बुधवार को परियोजना बाणगंगा द्वारा पोषण उत्सव के रूप में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर प्रियंका झा दंत चिकित्सक विषेशज्ञ एवं टीम द्वारा उपस्थित लगभग 90 बच्चों, महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं के मुख एवं दांतों की जांच कर समझाईश एवं दवा का वितरण किया गया। परियोजना अधिकारी श्री अखिलेश चंद्र चतुर्वेदी द्वारा नियमित दातों के जांच की सलाह दी गई। इसी क्रम में आयुष जीवन शैली संवेदीकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन डॉ. शशांक झा एवं आयुष टीम द्वारा केंद्र कं-783 पर किया गया जिसमें लगभग 60 महिलाओं, किशोरी बालिकाओं एवं बच्चों की जांच कर दवा का वितरण किया गया। परियोजना अधिकारी बाणगंगा श्री अखिलेश चन्द्र चतुर्वेदी, पर्यवेक्षक श्रीमती उषा शर्मा, श्रीमती पूनम सोनी, श्रीमती चंद्रावती अमरूते एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता श्रीमती चंद्रिका सहाय, सुनीता सराठे, सोना सिसोलिया, सुजाता, श्रीमती नसरीन उपस्थित थे।

# करेली में लगी चौपाल- कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्यायें

**रुद्रांश दर्पण नरसिंहपुर**

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने ज़िले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुरानी कृषि उपज मंडी करेली में चौपाल लगायी। चौपाल में कलेक्टर श्रीमती पटले ने यहाँ मौजूद लोगों से रूबरू संवाद किया और उनकी समस्याएं जानी। उन्होंने इन समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को भी मौक़े पर निर्देशित किया इस चौपाल में अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, सहायक कलेक्टर श्री शुभम यादव (आईएएस), एसडीएम श्री मनिन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, अन्य अधिकारी और नागरिक मौजूद थे। चौपाल में राजस्व विभाग से संबंधित 9 आवेदन आये, जिनमें से 4 धारणाधिकार पट्टे, 2- 2 ग़रीबी रेखा एवं पीएम किसान सम्मान निधि के आवेदन थे। इसके अलावा 42 आवेदन अन्य विभागों से संबंधित थे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने निर्देशित किया कि आगामी समय सीमा पत्रों की बैठक के पूर्व इन आवेदनों का निराकरण संबंधित विभाग के अधिकारी सुनिश्चित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।



# शासकीय क्षतिग्रस्त भवनों एवं कार्यालयों की मरम्मत करवाएं : कलेक्टर

**रुद्रांश दर्पण नर्मदापुरम**

**सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में कोताही न बरते, संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें**

**शिक्षा, स्वास्थ्य एवं महिला सुरक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करें**

**समस्त अधिकारी फील्ड पर जाकर पीएम किसान सम्मान निधि, गिरदावरी, खसरा, बंटवारा, नामातंरण के प्रकरणों का निराकरण करें**

कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के रेवा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन, उपार्जन भुगतान/उर्वरक उपलब्धता, एक पेड़ माँ के नाम अभियान, सिकल सेल एनीमिया, निराश्रित गोवंश, समग्र एवं पेंशन प्रकरणों में ईकेवायसी, संबल पंजीयन एवं आयुष्मान कार्ड, हॉस्टल एवं स्कूल निरीक्षण, सामुदायिक वन अधिकार पत्र आदि विषयों पर विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जिले में जर्जर भवनों के संबंध में की गई कार्रवाई की भी विस्तार पूर्वक समीक्षा की। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जर्जर भवनों में किसी भी प्रकार के शासकीय /अशासकीय कार्यालय, स्कूल, आवास संचालित ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखे। उन्होंने कहा है कि ऐसे स्थानों का सतत निरीक्षण करते रहे एवं शहरी क्षेत्र में ही नहीं अपितु ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऐसे क्षतिग्रस्त एवं जर्जर भवनों का निरीक्षण कर वहां पर किसी भी प्रकार के कार्यालय, स्कूल आदि का संचालन न हो यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि खाली पडे शासकीय भवनों में असामाजिक तत्वों का जमावडा रहता है। उन्होंने निर्देश दिए कि केन्द्रीय कार्यालयों के भी जर्जर भवनों को तुडवाने की कार्यवाही करवाएं। कलेक्टर सोनिया मीना ने बैठक में जिले के समस्त विभागों के अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में आने वाले शासकीय शालाओं का सप्ताह में एक बार निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि शासकीय शालाओं में शिक्षक समय पर आ रहे है कि नहीं और शाला में बच्चों की उपस्थित देखें। उन्होंने समस्त विभाग प्रमुखों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में छात्रावासों का निरीक्षण करें, वहां की साफ-सफाई देखें और जो छोटी-छोटी कमियां दिखे उनको दूर करें। कलेक्टर ने कहा कि छात्रावासों में कैरियर कांउसलिंग एवं विभिन्न नवाचार कराए। उन्होंने कहा कि शासकीय शालाओं एवं छात्रावासों के साथ आंगनबाडी केन्द्रों का भी निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी शासकीय शालाओं, छात्रावासों एवं आंगनबाडी केन्द्रों का निरीक्षण करें। उन्होंने बैठक में समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सुरक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करें। कलेक्टर ने बैठक में



शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिले मे जिन जिन जगह स्कूल के बच्चों का रिजल्ट खराब आया है वहां पर कांउसलिंग कराए और रिजल्ट खराब वाले स्कूलों पर ध्यान दें। उन्होंने बताया की स्कूली एवं छात्रावासों के बच्चों की समस्या के निराकरण के लिए उमंग ऐप बनाया गया जिसका हेल्पलाईन नबंर 14425 है। स्कूली एवं छात्रावासों के बच्चें इस नंबर पर कॉल करके अपनी समस्या बता सकतें है। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश देहलवार से जिले में डेंगू के मरीजों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि एयर एम्बुलेंस सेवा से जिले के गंभीर रूप से बीमार और घायल व्यक्तियों को एयर लिपट करें। उन्होंने बैठक सीएमएचओ को जिला चिकित्सालय में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करनें के निर्देश दिए। उन्होंनें सीएमएचओ से कहा कि जिला अस्पताल के मुख्य द्वार पर प्रवेश एवं निकासी को रेगुलेट किया जाए, सुरक्षा कर्मियों का पुलिस वेरिफिकेशन एवं मेडिकल फिटनेस किया जाए। साथ ही अस्पताल स्टाफ की सुरक्षा परेशानियों को हल करनें के लिए टीम का गठन किया जाए और इन सभी की कार्यशाला भी आयोजित की जाए। डॉक्टर, प्रबंधक, नर्स एवं आउट सोर्स कर्मियों की सुरक्षा के लिए जिला चिकित्सालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर समिति बनाकर प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। कलेक्टर ने समस्त एसडीएम को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्र में जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के संबंध निरीक्षण करें। उन्होंने सीएमएचओं से वार्षिक एवं मासिक लक्ष्य की जानकारी ली। कलेक्टर ने समस्त सीएमओं, सीईओ एवं पशु पालन विभाग के अधिकारी से कहा कि निराश्रित पशुओं के नजदीकी गौशाला में पशुओं को वहां पर छोडे। उन्होंने समस्त सीएमओं एवं जनपद सीईओ से कहा कि जिले में संचालित गौशालाओं की निरंतर मानिटरिंग करें जो असुविधा हो रही है उनको पूरा करें। उन्होंने समस्त सीएमओं एवं जनपद सीईओ से कहा कि पशु पालकों के ऊपर पेनाल्टी और उनके खिलाफ एफआईआर कराएं। कलेक्टर ने समस्त सीएमओं, सीईओ एवं पशु पालन विभाग के अधिकारी से कहा कि अपने अपने क्षेत्र निराश्रित पशुओं के संबंध में स्वंय सेवियों के साथ बैठक कर ले। उन्होंनें समस्त जनपद सीईओ से कहा कि ग्राम पंचायत के बाहार पशु सडक पर ना आए इसका विशेष ध्यान दें। उन्होंने बताया की हाईवे के समीपस्थ ग्रामों से बाहर निकलकर हाइवे पर आ जाती है जिससे हाइवे पर दुर्घटना हो जाती है। उन्होंने कहा कि गौवंश रोड पर ना घूमें इसका विशेष ध्यान दें और गौवंशों को चिन्हित गौशालाओं में छोडे। कलेक्टर ने बैठक में समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि खसरा, बंटवारा, नामातंरण, राजस्व वसूली, पीएम किसान सम्मान निधि एवं गिरदावरी कार्य में तेजी लाए। उन्होंने समस्त सीएमओं एवं जनपद सीईओ को संबल पंजीयन, समग्र ई-केवाईसी, पेंशन ई-केवाईसी, आधार सीडिंग एवं कार्य निरंतर करें। उन्होंने समस्त विभाग प्रमुखों से कहा कि पेंशन ई-केवाईसी पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने बैठक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नर्मदापुरम से कहा कि स्कूल बसों के एवं लाईसेंस की जांच करें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग को नर्मदापुरम में बने हेलीपेडो को मरम्मत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में समस्त विभाग प्रमुखों से कहा कि शासकीय कर्मचारियों को समयमान, वेतनमान एवं क्रमोन्नति आदि का लाभ नियमानुसार समय पर मिले। उन्होंने कहा कि समयमान, वेतनमान एवं क्रमोन्नति का फाइनल डाटा तैयार कर निराकरण करें। समयमान, वेतनमान एवं क्रमोन्नति के प्रकरणों शेष ना रहे। उन्होंने कहा कि जो भी विभाग प्रमुख अपने कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों के कर्मचारियों के समयमान, वेतनमान एवं क्रमोन्नति की जानकारी नहीं देगा तो उस विभाग प्रमुख का वेतन काटा जाएगा। कलेक्टर ने बैठक में समस्त विभाग प्रमुखों से कहा कि मध्यप्रदेश शासन के मंत्री, सांसद, राज्यसभा सांसद, क्षेत्रीय विधायक एवं जनप्रतिनिधिगणों के प्रोटोकॉल का विशेष ध्यान दें। समस्त विभाग प्रमुख ये ध्यान दे कि अपने विभाग के लोकार्पण एवं शुभारंभ के कार्यक्रमों के आमंत्रण पत्र को स्वंय देने जाए या अपने कार्यालय के वरिष्ठ प्रतिनिधि को भेजे। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तहसील स्तरीय एसडीएम, तहसीलदार, सीएमओं से अपने क्षेत्रों में होने वाले कार्यो के विषयों पर विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर सोनिया मीना ने समय सीमा की बैठक में सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई और समयसीमा के प्रकरणों की भी विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 50 दिवस से अधिक की शिकायतों का भी प्राथमिकता से निराकरण किया जाएं। भुगतान संबंधी प्रकरणों के निराकरण में विशेष ध्यान दें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री एस एस रावत, अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर, सिटी मजिस्ट्रेट बृजेन्द्र रावत सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें।

# भारतीय किसान मजदूर यूनियन ने गंज थानाधिकारी को फूलों का गुलदस्ता भेट कर वार्ता की



राजस्थान। रामपुर (उत्तरप्रदेश)। / भारतीय किसान मजदूर यूनियन के जिलाध्यक्ष मोहम्मद आलिम के साथ नसीम जहां नगरध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ जिला महा सचिव इक़बाल खा जिलाध्यक्ष बिकलांग प्रकोष्ठ बिनोद, नगर उपाध्यक्ष इमरान खान एवं नगर अध्यक्ष बिकलांग प्रकोष्ठ दानिश सहित जिले के पदाधिकारी आज थाना गंज गए और थानाध्यक्ष क़ो क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया गया और थानाध्यक्ष ने भरोसा दिलाया गया कि लोगों को हर वक्त किसी भी समय कोई भी समस्या आने पर पूरा थाना मदद करेगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हर किसान मजदूर के साथ आप इंसाफ करें। किसी भी गरीब मजदूर किसान को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं आए। थानाध्यक्ष ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि जब तक भी मेरी पोस्टिंग थाने मे होंगी मैं किसी भी गरीब मजदूर किसान क़ो बिना किसी कारण के परेशानी नहीं होने दूंगा। मिलनसार थानाध्यक्ष क़ो किसान मजदूर यूनियन ने फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। थाना प्रभारी ने कहा कि मेरे क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को अपराधिक घटना करने नहीं दी जाएगी। अपराधियों से सख़्ती से निपटा जायेगा। गरीब मजदूर विकलांग क़ो सताने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। वार्ता करने वालो में मो आलिम इक़वाल खा शहजाद इमरान नसीम बिनोद प्रेम राज गोसिया इरशाद अमानत अली नबाब मासूम शाह दिनेश बिजयपाल, देवी दास रियासत आदि मौजूद थे।

# अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब शाखा भीलवाड़ा द्वारा चर्चा चाय पर का आयोजन किया गया




**राजस्थान।** भीलवाड़ा / अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब के भीलवाड़ा जिला पारिवारिक समन्वय सचिव राखी प्रमोद राठी के संयोजन में तथा क्लब के राष्ट्रीय महासचिव अनिता सोडाणी की अध्यक्षता एवं जिलाध्यक्ष डॉ चेतना सुनील जागेटिया के मुख्य आतिथ्य में एवं जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट नीलम दरगड़, जिला सचिव खुशी राकेश देवपुरा, जिला संगठन सचिव लीला राठी, जिला स्वास्थ्य सचिव सुनीता मनीष पलोड़ व जिला समाज सेवा सचिव रामचन्द्र मूंदड़ा के विशिष्ट आतिथ्य में चर्चा चाय पर का आयोजन हुआ। इस बार की चर्चा कि विषय था आम जनता परेशान हैं आए दिन बात बात पर बार बार होने वाले बाजार को बंद करवाने के निर्णय पर ! इस पर सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। सभी सदस्यों के आपसी विचार विमर्श के बाद ये बात प्रमुखतः सामने आई कि आजकल हम सभी देख रहे हैं कि विभिन्न संगठनों द्वारा आये दिन राजनीतिक, धार्मिक या किसी न किसी बात को मुद्दा बनाकर बाजार को बंद करने का आह्वान कर दिया जाता है , यह आम बात हो गई है कि - बाजार बन्द, व्यवसाय बंद रखा जाए। पर कभी सोचा किसी ने कि व्यवसाय बंद करके बाजार बन्द करके आज तक किसका फायदा हुआ है..?? यह समझ नहीं आया ! दिनों दिन ऑनलाइन शॉपिंग वैसे ही बढ़ती जा रही है और उसके रहते हम आए दिन बंद का ऐलान करके बैठ जाते हैं यह अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी चलाने जैसा हैं, केवल जनता अपना नुकसान कर रही है! बाजार बन्द करने, व्यवसाय बंद रखने और हड़ताल करने से आम जनता को सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। संचार सेवाएं बंद करने से कितने ही काम ठप हो जाते हैं। सभी के यही विचार है कि - लोगों को हर सवाल का जवाब बाजार बन्द के रूप में ढूंढना समाप्त करना चाहिए नहीं तो आने वाला भविष्य खतरे में हो जाएगा ! आम जनता परेशान हैं इसलिये बात बात पर , बार बार होने वाले बन्द को .बन्द करो ! सभी का आभार जिला संगठन सचिव लीला राठी ने व्यक्त किया।

# क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का काम 3 दिन में प्रारंभ करें - संभागीय आयुक्त



अनूपगढ़ / बीकानेर। संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने समस्त क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का कार्य अगले तीन दिन में प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को संभागीय आयुक्त कार्यालय सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में सिंघवी ने कहा कि आमजन को सुगम तथा सुरक्षित परिवहन उपलब्ध करवाने के लिए समस्त क्षतिग्रस्त सड़कों के मरम्मत के काम को विभिन्न एजेंसियां अपने- अपने क्षेत्र में प्राथमिकता से प्रारंभ करवाएं। जिला मुख्यालय और ग्रामीण क्षेत्र में डीएलबी अवधि में आने वाली सड़कें संबंधित ठेकेदार से तथा अन्य क्षतिग्रस्त सड़कों की विभाग अपने स्तर पर मरम्मत करवाएं। उन्होंने पीडब्ल्यूडी ,नगर निगम व यूआईटी के साथ-साथ रीको को भी अपने क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरुस्त करवाने के के निर्देश दिए। श्रीमती सिंह भी ने कहा कि क्षतिग्रस्त सड़कों के संबंध में आमजन की ओर से बड़ी संख्या में शिकायत मिल रही है। संभागीय आयुक्त ने स्वच्छता पखवाड़े के तहत नगर निगम व नगर पालिकाओं को वार्डों में व्यापक सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता पखवाड़े का उद्देश्य स्वच्छता को एक स्वभाव और संस्कार के रूप में अपनाना है। स्वच्छता गतिविधियों में आमजन को भी भागीदार बनाएं । मुख्य मार्गो, बाजारों से कचरा उठाव सुनिश्चित करने के साथ नालियों आदि की भी सफाई करवाई जाए। संभागीय आयुक्त ने राजकीय कार्यलयों में साफ-सफाई के निर्देश देते हुए कहा कि सर्वाधिक साफ सफाई और सौन्दर्यकरण में अग्रणी रहने वाले कार्यालय को 2 अक्टूबर पर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ओमप्रकाश बिश्नोई सहित नगर निगम, पीएचईडी, बिजली, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, महिला एव? बाल विकास,शिक्षा, पशुपालन, उद्योग , रीको,वन, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# समेजा नहर में रेलवे अंडर ब्रिज के पास अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी



श्रीगंगानगर। मोहन नगर । सुबह समेजा नहर के रेलवे अंडर ब्रिज के पास एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने नहर के पास शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान करने की कोशिश कर रही है। शव की स्थिति और आस-पास के सबूतों को ध्यान में रखते हुए पुलिस इस घटना की जांच कर रही है। फिलहाल व्यक्ति की पहचान और मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, यह मामला संदिग्ध लग रहा है और पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।मोहन नगर क्षेत्र में इस घटना से लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि यदि किसी के पास इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी हो, तो वह तुरंत स्थानीय थाने में संपर्क करें।

# जाम्बोलाव धाम माधा मेले में पर्यावरण सेवकों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




भीलवाड़ा। जोधपुर / गुरूजंभेश्वर भगवान की तपोस्थली जांभा गांव में बुधवार को माधा मेला भरा गया।प्रतिवर्ष की भांति भादवा शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को भरे जाने वाले इस मेले में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर में दिनभर गुरू भगवान जंभेश्वर के जयकारे गूंजते रहे। मेला प्रांगण में आयोजित धर्मसभा में संतो व समाज के प्रबुद्धजनों ने श्रद्धालुओं को संबोधित भी किया। श्रद्धालुओं ने जंभ सरोवर में डुबकी लगा पुण्य भी कमाया। मेले में बाड़मेर,बाप-फलौदी तहसील के अलावा जोधपुर, बीकानेर,जैसलमेर सहित कई जिलों प्रांतों से विश्नोई समाज के सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। मेले की शुरूआत गुरू जंभेश्वर भगवान के हवन पूजन से हुई। गुरू जंभेश्वर भगवान की धोक लगाने के साथ मंदिर के आगे हवन कुंड में विश्नोई समाज के लोगों ने घी खोपरे की आहुतियां देकर देश-प्रदेश में खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। कानून व्यवस्था बनाएं रखने के लिए फलौदी सर्कल का पुलिस बल तैनात था। टीम के सह-प्रभारी व स्टेट अवार्डी शिक्षक जगदीश प्रसाद विश्नोई ने बताया कि मेले को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय पर्यावरणविद खमुराम बिश्नोई के दिशा-निर्देश में कोशिश पर्यावरण सेवक टीम के सेवक सेवा देने पहूंचे जिन्होंने मेले में पर्यावरण संरक्षण के लिए निकालकर लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक इस्तेमाल नहीं करने हेतु जागरूक किया फिर पूरे दिन मेले परिसर में पॉलिथीन बीनकर कट्टों में इकट्ठा किया जिसके कारण पर्यावरण प्रेमियों की सजगता के चलते मेला स्थल पॉलिथीन मुक्त रहा व पर्यावरण सेवकों ने जल सेवा की जिम्मेदारी संभालते हुए श्रद्धालुओं को जलपान कराते हुए नशामुक्ति का भी संदेश दिया।मेले जन-जागरूकता अभियान चलाते हुए पर्यावरण सेवक विरधाराम जाणी जालोढा,जगराम मांजू, हरिराम धतरवाल, वगताराम सांचौर,जमनादेवी,पूनाराम मांजु फनकार सहित कई पर्यावरण सेवकों ने पूरे दिन मेले में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पॉलिथीन का बहिष्कार करते हुए कपड़े की थेली के लिए श्रद्धालुओं को प्रेरित किया।

# मुख्यमंत्री ने जिले के दो उपस्वास्थ्य केंद्र सहित विभिन्न शिलान्यास और लोकार्पण किए



अनूपगढ़ / बीकानेर। जिला मुख्यालय स्थित व्यापार मंडल भवन में मंगलवार को द्वितीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों में नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति- पत्र व वेलकम किट प्रदान किया गया। इसी के साथ कार्यक्रम में पीएम आवास योजना (ग्रामीण) में निर्मित आवासों के लाभार्थियों को चाबी सौंपकर गृह प्रवेश करवाया गया तथा 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' का शुभारंभ किया गया। साथ ही विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया।जिला स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में जयपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से वीसी के जरिए जुड़ा रहा। जिला कलेक्टर अवधेश मीणा, एसपी रमेश मौर्य, नगर परिषद सभापति प्रियंका बैलान, पंचायत समिति प्रधान राधा डागला, पूर्व विधायक अनूपगढ संतोष बावरी और रायसिंहनगर के पूर्व विधायक बलबीर लूथरा सहित अतिथियों द्वारा चिकित्सा विभाग सहित विभिन्न विभागों में नवनियुक्त 48 राजकीय कार्मिकों को नियुक्ति-पत्र व वेलकम किट प्रदान कर बधाई दी। इस अवसर पर पीएम आवास (ग्रामीण ) योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में निर्मित आवासों के 20 लाभार्थियों को श्रीफल भेंटकर, तुलसी पौधा देकर, शॉल ओढ़ाकर व चाबी सौंपकर गृह प्रवेश की तथा वर्ष 2024-25 में निर्माण हेतु 20 नव स्वीकृत आवासों के लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा वर्चुयल माध्यम से राजस्थान विभिन्य निर्माण योजनाओं का शिलान्यास किया गया व पूर्ण कार्यों को लोकार्पण किया गया।कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की माँ वाउचर योजना के ब्रोशर का जिला कलेक्टर सहित अधिकारियों ने विमोचन किया। कार्यक्रम में एडीएम अशोक सांगवा, जिला परिषद के एसीईओ राजेंद्र जोईया, एसडीएम अजीत गोदारा, नगर परिषद उपसभापति सतपाल मुंजाल, भामाशाह मोहित छाबड़ा सहित जन प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी तथा आमजन मौजूद रहे।

## जनसुनवाई और जिला सतर्कता समिति की बैठक 19 सितम्बर को आयोजित होगी

अनूपगढ़ / श्रीगंगानगर। राज्य सरकार द्वारा जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तर पर आमजन की परिवेदनाओं के संबंध में जनसुनवाई और जिला सतर्कता समिति की बैठक जिला कलक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में 19 सितम्बर 2024 गुरूवार को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट श्रीगंगानगर के वीसी कक्ष में रखी गई है। जनसुनवाई में परिवादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र, सतर्कता समिति में दर्ज प्रकरण एवं राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की विस्तृत समीक्षा के साथ त्रिस्तरीय जनसुनवाई के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी।

## गृह राज्य मंत्री 20 सितम्बर को श्रीगंगानगर आएंगे

अनूपगढ़ / श्रीगंगानगर। गृह, गौपालन, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य विभाग के राज्यमंत्री जवाहरसिंह बेढम 20 सितम्बर 2024 को गंगानगर आयेंगे। प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार गृह राज्यमंत्री 19 सितम्बर को सायं 4 बजे जयपुर से रवाना होकर वाया सूरतगढ़ होते हुए रात्रि में श्रीगंगानगर पहुंचेंगे। रात्रि विश्राम सर्किट हाउस श्रीगंगानगर में करने के पश्चात वे 20 सितम्बर 2024 को प्रातः 10 बजे जन सेवा हॉस्पिटल, टांटिया यूनिवर्सिटी श्रीगंगानगर में आयुष्मान योजना के लाभार्थियों से संवाद करेंगे। दोपहर 1 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिला श्रीगंगानगर में कानून व्यवस्था संबंधी समीक्षा बैठक लेंगे। इसके पश्चात दोपहर बाद 3 बजे वे हनुमानगढ़ के लिए रवाना हो जाएंगे।

## जिलास्तरीय कार्यक्रम में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने लगाई झाडू



अनूपगढ़ / बीकानेर। में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सेवा पखवाड़े का मंगलवार सुबह विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। जिलास्तरीय कार्यक्रम अम्बेडकर चौक पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद टाक, नगरपरिषद सभापति प्रियंका बैलाण, जिला कलक्टर अवधेश मीणा, एडीएम अशोक सांगवा व जिला परिषद् एसीईओ राजेन्द्र जोईया शामिल हुए। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मुख्य सड़क पर झाडू लगाकर स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया। इस दौरान एसडीएम अजीत गोदारा, नगरपरिषद् उपसभापति सतपाल मुंजाल, पंचायत समिति प्रधान राधा देवी डागला, भामाशाह मोहित छाबड़ा सहित विभिन्न वार्ड पार्षद, जनप्रतिनिधी, गणमान्य नागरिक, अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# 14 वर्षीय नोमान मंसूरी ने राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया

राजस्थान। भीलवाड़ा /शाहपुरा। अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ जिला शाहपुरा के जिला उपाध्यक्ष अजीज मोहम्मद मंसूरी के पुत्र नोमान मंसूरी का राइफल शूटिंग 14 वर्षीय 68वींजिला स्तरीय प्रतियोगिता में जीनियस चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल प्रतापपुरा जिला शाहपुरा में अध्यनरतने प्रथम स्थान गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर एवं राज्य स्तर पर चयन होने पर शुभचिंतकों ने बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी बनेड़ा सुरेश पारीक, जीनियस इंग्लिश एकेडमी स्कूल पंचायत प्रतापपुरा जिला शाहपुरा प्रधानाध्यापक इलियास खान, श्याम सिंह सौदा प्रधानाध्यापक यूपीएस लसाड़िया, शारीरिक शिक्षक युवराज सिंह, केशव प्रताप सिंह , संचालक दिनेश कुमार, ग्राम बामणिया पीईईओ मैडम ज्योति शर्मा आदि की उपस्थिति सम्मान किया गया।



# दिवंगत भानुदास शामराव शेंडे को भावपूर्ण श्रद्धांजली दी गई



सोलापुर । तहसील तासगांव के ग्राम कवालगे के वरिष्ट नागरिक दिवंगत भानुदास शामराव शेंडे जी को उन के दोस्त आनंदराव मारुती जाधव उर्फ भोपालकर दादा और जाधव परिवार की और से भावपूर्ण श्रद्धांजली अर्पित की। दिवंगत भानुदास शामराव शेंडे ये दैनिक प्रातः संकलन के पश्चिम महाराष्ट्र प्रभारी संपत आनंदराव जाधव के मामेरे मामा और उन के पिताजी के करीबी दोस्त थे. बचपन से दैनिक प्रातः संकलन के पश्चिम महाराष्ट्र प्रभारी संपत आनंदराव जाधव को मार्गदर्शन करते रहें,कोई भी काम हो जल्द से जल्द करना उन के दिनचर्या में था. वे बॉम्बे कंपनी में कार्यरत थे, उस वक्त काम करते वक्त उन के साथ दुर्घटना हुई थी, शारीरिक परेशानी आई पर कभी उन्होंने हर नही मानी और पूरी ईमानदारी से अपनी जवाबदारी निभाई, हर जवाबदारी पूरी ईमानदारी से निभाना उन का स्वभाव था फिर कंपनी के काम का हो या भाईयों या दोस्ती या भक्ति भावनाओं का पूरी ईमानदारी से निभाना उन के स्वभाव में था। उनकी देहांत की खबर मिलते ही दैनिक प्रातः संकलन के पश्चिम महाराष्ट्र प्रभारी संपत आनंदराव जाधव और उन के पिता आनंदराव जाधव माता सावित्री जाधव, बहन गुरु माऊली शोभा ताई मोहिते, सौ सुनीता आनंदराव जगदाळे, छोटी बेटी शारदा यशवंत पाटील दुःखी हुए. सभी शेंडे परिवार के दुःख मे साथ है। 19/09/2024 को उन की तिसरी विधी कल है, शेंडे परिवार के साथ हमेशा जाधव परिवार साथ है।

# शिव हनुमान मंदिर में 10 दिन आराधना के बाद गणेश विसर्जन किया गया



जयपुर। उद्योग नगर, झोटवाड़ा, जयपुर स्थित शिव हनुमान मंदिर में गणेश जी का नेवटा बांध में धूमधाम से विसर्जन किया गया। 10 दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन के दौरान प्रतिदिन सुबह और शाम को आरती और प्रसाद वितरण किया गया। अध्यक्ष अर्जुन चौधरी के नेतृत्व में, गणेश जी की भक्ति में भक्तों ने भजनों के माध्यम से गणपति का गुणगान किया और उन्हें रिझाने का प्रयास किया। मंदिर के महंत अरविंद शास्त्री ने विधिवत रूप से पूजा-अर्चना संपन्न करवाई। गणेश विसर्जन के इस विशेष अवसर पर वार्ड 28 पार्षद दुर्गेशनंदिनी, ग्यारसी लाल, राजेन्द्र मेहरा, अखिलेश सिंह, और ललिता शर्मा के साथ मातृशक्ति ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। मानसरोवर से अभिषेक कंचन ने भी भव्य तरीके से गणेश जी का विसर्जन किया जिससे समारोह की शोभा और बढ़ गई। श्रद्धालुओं ने पूरे आयोजन के दौरान गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ गणेश जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव के लिए अपनी सहमति दें सभी दल

देश में एक देश एक चुनाव को मोदी कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है। वन नेशन वन इलेक्शन के लिए एक कमेटी बनाई गई थी जिसके चेयरमैन पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद थे। कोविंद ने अपनी रिपोर्ट मोदी कैबिनेट को दी, जिसके बाद उसे सर्वसम्मति से मंजूर कर दिया गया। हालांकि इसके बाद आगे का सफर आसान नही होने वाला है। इसके लिए संविधान संशोधन और राज्यों की मंजूरी भी जरूरी है, जिसके बाद ही इसे लागू किया जाएगा। निस्संदेह, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग की तीसरी पारी में बदलावकारी फैसले लेना उतना सहज नहीं रह गया है, जितना पहली-दूसरी पारी में नजर आता था। तीसरे कार्यकाल के सौ दिनों के बीच सरकार के कई फैसलों पर गठबंधन धर्म की गांठें नजर आई हैं। एक दशक की स्वच्छंद कार्यशैली के बाद अब भाजपा सहयोगी दलों पर निर्भर नजर आ रही है। कहीं न कहीं बदले हालात में पार्टी कई मुद्दों पर यू टर्न लेते हुए भी नजर आई। बहरहाल, लोकसभा में पहले के मुकाबले कमजोर स्थिति होने के बावजूद खुद को बेफिक्र दिखाने की बेताब कोशिश में पार्टी ने एक बार फिर अपने एक मुख्य एजेंडे- एक राष्ट्र,एक चुनाव- के मुद्दे को कैबिनेट में मंजूरी दी।

> लोकसभा में पहले के मुकाबले कमजोर स्थिति होने के बावजूद खुद को बेफिक्र दिखाने की बेताब कोशिश में पार्टी ने एक बार फिर अपने एक मुख्य एजेंडे- एक राष्ट्र,एक चुनाव- के मुद्दे को कैबिनेट में मंजूरी दी। पिछले दिनों स्वतंत्रता दिवस समारोह में लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न राजनीतिक दलों से इस पहल का समर्थन करने के लिए एकजुट होने की अपील की थी।

पिछले दिनों स्वतंत्रता दिवस समारोह में लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न राजनीतिक दलों से इस पहल का समर्थन करने के लिए एकजुट होने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि देश में वर्ष पर्यंत चलने वाले चुनाव भारत की प्रगति में बाधक बन रहे हैं। कहा गया कि राजग सरकार अपने वर्तमान कार्यकाल के भीतर इस महत्वपूर्ण चुनाव सुधार को लागू कराने को लेकर आशावादी है। अब इसे राजग का आशावाद कहें या अति आत्मविश्वास, जो उन्हें इस तथ्य को नजरअंदाज करने देता है कि कई राजनीतिक दलों ने एक साथ चुनाव कराने का विरोध किया था। निस्संदेह, एक राष्ट्र, एक चुनाव के लिए भाजपा द्वारा नई पहल किए जाने के निहितार्थ समझना कठिन नहीं है। सर्वविदित है कि पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा जनाधार बढ़ाने के बावजूद भाजपा देश का प्रमुख राजनीतिक दल बना हुआ है। ऐसे में अगर मतदाता दो साल के बजाय पांच साल में अपने मताधिकार का प्रयोग करता है तो इसका भगवा पार्टी को सबसे ज्यादा लाभ मिल सकता है। राजनीतिक पंडित राजग सरकार की एक राष्ट्र,एक चुनाव की मुहिम के पीछे ऐसी ही सोच बताते हैं। यह भी हकीकत है कि संसदीय चुनाव और विधानसभा चुनाव में अकसर अलग-अलग मुद्दे प्रभावी होते हैं। ऐसे में एक साथ चुनाव कराए जाने पर एनडीए के साथ गठबंधन न करने वाली क्षेत्रीय पार्टियों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। निस्संदेह, लोकतंत्र में सभी राजनीतिक दलों के लिये समान अवसर उपलब्ध होना जरूरी है। यह भारतीय जनता पार्टी के हित में होगा कि वह एक राष्ट्र,एक चुनाव, के मुद्दे पर आम सहमति बनाने के लिए कड़ी मेहनत करे। साथ ही इसके व्यावहारिक पहलुओं को लेकर हितधारकों द्वारा उठाए गए संदेहों को दूर करने का प्रयास करे। निश्चित ही यह राजग के लिए बड़ी चुनौती होगी क्योंकि इस बार विपक्ष पहले के मुकाबले मजबूत भी है और एकजुट भी है। इसमें दो राय नहीं कि यह बात तार्किक है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव का प्रयास शासन में सुनिश्चितता लाएगा। वहीं बार-बार के चुनाव खर्चीले होते हैं। दूसरे राज्य-दर-राज्य लंबी आचार संहिता लागू होने से विकास कार्य भी बाधित होते हैं। साथ ही साथ शासन-प्रशासन व सुरक्षा बलों की ऊर्जा के क्षय के अलावा जनशक्ति का अनावश्यक व्यय होता है। लेकिन वहीं दूसरी ओर इसके लागू होने से भारतीय संघीय ढांचे के लिए जो चुनौती पैदा होगी, उसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वैसे इस बार यदि केंद्र सरकार हरियाणा व जम्मू कश्मीर के साथ-साथ महाराष्ट्र व झारखंड में भी विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का प्रयास करती तो एक राष्ट्र,एक चुनाव के गुण-दोषों का मूल्यांकन करने में मदद मिलती। लेकिन केंद्र ने अपनी राजनीतिक सुविधा व समीकरणों के लिए ऐसी ईमानदार कोशिश नहीं की। वैसे भी भारत जैसे विविधता वाले देश में जाति, धर्म व संप्रदाय से ग्रसित सोच के बीच एक साथ चुनाव कराना खास जोखिम भरा भी है। पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव के लिए एक साथ चुनावी मशीनरी तथा सुरक्षा बलों की उपलब्धता के यक्ष प्रश्न भी हमारे सामने खड़े हैं। ऐसे में इसके सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आम सहमति बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

# खामेनेई के भारत पर आरोप के पीछे असल मंशा

अजय बोकिल

> ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई ने पैगम्बर मोहम्मद के जन्मदिन पर आरोप लगाया कि भारत में मुस्लिम पीड़ित हैं। खामेनेई ने 16 सितंबर को एक्स पर पोस्ट करते हुए भारत को उन देशों में शामिल किया, जहां मुस्लिमों को पीड़ा झेलनी पड़ रही है। ईरान और भारत के बीच अच्छे रिश्तों के बाद भी ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामनेई द्वारा मुसलमानों को प्रताड़ित किए जाने वाले देशों की सूची में भारत का नाम लेना सभी के लिए चौंकाने वाला है।

ईरान और भारत के बीच अच्छे रिश्तों के बाद भी ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामनेई द्वारा मुसलमानों को प्रताड़ित किए जाने वाले देशों की सूची में भारत का नाम लेना सभी के लिए चौंकाने वाला है, वह भी तब कि जब ईरान पर अमेरिका द्वारा लगाए कठोर आर्थिक प्रतिबंधों की परवाह किए बगैर भारत ने ईरान से व्यापारिक रिश्ते न सिर्फ कायम रखे, बल्कि उन्हें मजबूती दी है। ज्यादा हैरानी की बात है कि कथित मुस्लिम प्रताड़ना वाले देशों में उन्होंने उस चीन का नाम नहीं लिया है, जहां उइगुर मुसलमानों को नमाज पढ़ने और रोजे रखने तक की इजाजत नहीं है और जिनका बेखौफ चीनीकरण किया जा रहा है। तो क्या खामेनेई का भारत पर आरोप लगाना भारत के साथ अपने रिश्तों को बिगाड़ने की सोची समझी चाल है, भारत के साथ ईरान की एहसान फरामोशी है या फिर ऐसे बयान देकर खुद को दुनिया में मुसलमानों का एकमात्र मुसलमानों का नेता साबित करने की मंशा है? गौरतलब है कि ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई ने पैगम्बर मोहम्मद के जन्म दिन पर आरोप लगाया कि भारत में मुस्लिम पीड़ित हैं। खामेनेई ने 16 सितंबर को एक्स पर पोस्ट करते हुए भारत को उन देशों में शामिल किया, जहां मुस्लिमों को पीड़ा झेलनी पड़ रही है। इस पर भारतीय भारतीय विदेश मंत्रालय ने तत्काल कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम खामेनेई के बयान की निंदा करते हैं। यह अस्वीकार्य और पूरी तरह से भ्रामक है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अल्पसंख्यकों के मामले पर कमेंट करने वाले देशों को पहले अपने रिकॉर्ड को देखना चाहिए। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बयान को एक्स पर शेयर भी किया। इसके पूर्व एक कमेंट में खामेनेई ने लिखा था- दुनिया के मुस्लिमों को भारत, गाजा और म्यांमार में रह रहे मुस्लिमों की तकलीफ से अनजान नहीं रहना चाहिए। अगर आप उनकी पीड़ा को नहीं समझ सकते तो आप मुस्लिम नहीं हैं। खामेनेई ने आरोप लगाया कि इस्लाम के दुश्मन मुस्लमानों में फूट डालते आए हैं। हालांकि, यह पहली बार नहीं है कि जब खामेनेई भारतीय मुसलमानों के खैरख्वाह बने हैं। खामेनेई ने 2020 के दिल्ली दंगों के बाद कहा था कि भारत में मुस्लिमों का नरसंहार हुआ है। भारत सरकार को कट्टर हिंदुओं के खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए। सरकार को मुस्लिमों का नरसंहार बंद करना होगा, नहीं तो इस्लामी दुनिया उनका साथ छोड़ देगी। कश्मीर के मुद्दे पर भी खामेनेई कई बार विवादित बयान देते आए हैं। साल 2017 में खामेनेई ने कश्मीर की तुलना गाजा, यमन और बहरीन से की थी। 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटने के कुछ दिन बाद खामेनेई ने सोशल मीडिया पर लिखा था- हम कश्मीर में मुस्लिमों की स्थिति को लेकर चिंतित हैं। खामेनेई 1980 में जम्मू-कश्मीर का दौरा भी कर चुके हैं। कश्मीर मामले में ईरान का रवैया भारत विरोधी ही रहता आया है। इसी साल यानी 2024 में जब ईरान के तत्कालीन राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी अप्रैल में अपने पहले पाकिस्तान दौरे पर गए थे तो दोनों देशों के साझा बयान में कश्मीर का जिक्र था। इस पर भारत ने ईरान के सामने आपत्ति जताई थी। इन सबके बावजूद भारत ने ईरान के साथ अपने व्यापारिक और कूटनीतिक रिश्तों में खामेनेई के बयानों और ईरान के रवैये को आड़े नहीं आने दिया और ईरान के साथ अपने ऐतिहासिक रिश्तों को



ध्यान में रखते हुए आपसी सम्बन्ध बेहतर बनाने पर ही जोर दिया है। जहां तक भारत में मुसलमानों की कथित प्रताड़ना की बात है तो यह धारणा तथ्यों से विपरीत है। स्थानीय कारणों से होने वाले विवाद अथवा राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता को देश के 24 करोड़ मुसलमानों की प्रताड़ना से जोड़ना एक सोची समझी और दुर्भावनापूर्ण रणनीति है। गाजा में जो इजराइल कर रहा है, या म्यानमार की सैनिक सरकार वहां रोहिंग्या मुसलमानों के साथ जो सलूक कर रही है, उसके कारण अलग हैं। वैसे भी फिलीस्तीन मामले में भारत दो राष्ट्र नीति का समर्थक रहा है। हम चाहते हैं कि फिलीस्तीन और इजराइल दोनो राष्ट्र रहें। इजराइल और ईरान के बीच कट्टर दुश्मनी है। इसका कारण इजराइल को अमेरिका का अंध समर्थन और ईरान की परमाणु शक्ति बनने की अदम्य इच्छा। इससे भी बड़ा कारण ईरान की इस्लामिक जगत का नया लीडर बनने की तमन्ना है। वैसे भी आज दुनिया के 57 मुस्लिम देशों का नेतृत्व करने और खुद को मुसलमानों का सबसे बड़ा हितैषी सिद्ध करने की चार देशों में होड़ मची है। ये हैं - सउदी अरब, जो खुद को मुसलमानों का स्वाभावित नेता मानता है। दूसरा है, तुर्की जो हाल के वर्षों में मुस्लिम कट्टरपंथ की तरफ झुका है। तीसरा है मलेशिया, जिसने सउदी अरब की मर्जी के खिलाफ जाकर मुस्लिम देशो को इकट्ठा करने की कोशिश की थी। अब इसमें ईरान का नाम भी शामिल हो गया है। इन चारो देशों में भी ईरान अकेला शिया बहुल देश है। पिछले दिनों चीन ने मध्यस्थता कर ईरान और सुन्नी बहुत सउदी अरब के बीच समझौता कराके दुनिया को चौंकाया था। हालांकि, इससे दोनो चिर प्रतिद्वंद्वी देशों के बीच रिश्ते बहुत मधुर हो गए हैं, ऐसा नहीं है। खामेनेई के बयान के पीछे भारत और सउदी अरब के मधुर रिश्ते भी कारण हो सकते हैं। खामेनेई का भारतीय अल्पसंख्यक मुस्लिमों के प्रति प्रेम सही भी हो सकता था, अगर खुद ईरान में अल्पसंख्यकों के साथ मानवीय व्यवहार होता। मुस्लिम भाईचारे के तमाम दावों के बाद जमीनी हकीकत यह है कि आज दुनिया में सर्वाधिक मारकाट मुस्लिम देशों और कट्टरपंथी मुस्लिम संगठनों के बीच ही हो रही है। स्टेटा रिसर्च डिपार्टमेंट के ताजा आंकड़ो के मुताबिक वर्ष 2021 से 2022 तक दुनिया भर में आतंकी घटनाओं में कुल 55 हजार 635 लोग मारे गए, जिनमें से अधिकांश मुसलमान ही थे। मरने वाले भी और मारने वाले भी। हालांकि, इसमें गजा में मारे जाने वाले मुसलमानों की संख्या शामिल नहीं है। जहां हमास-इजराइल युद्ध में 50 हजार से ज्यादा मुसलमान मारे जा चुके हैं। खुद ईरान में अल्पसंख्यक सुन्नियों, बहाइयों, पारसियों और कुर्दों के साथ क्या व्यवहार होता है, यह दुनिया जानती है। बहाइयों को तो वहां कब्रिस्तान भी नसीब नहीं होते। ईरान में हिजाब विरोधी आंदोलन का प्रतीक बनी महसा अमीनी की हत्या वहां की मॉरल पुलिस ने इसलिए भी की थी, क्योंकि वह कुर्द थी। कैम्ब्रिज से प्रकाशित पत्रिका मनारा में हाल में ईरान में अल्पसंख्यक सुन्नियों के हालात पर पेमान असदजादे का आंखें खोलने वाला लेख छपा है। इसमें उन्होंने बताया है कि कैसे ईरान में सुन्नियों के साथ खुला भेदभाव किया जा रहा है। सुन्नी मुसलमान ईरान में करीब 10 फीसदी हैं और देश की सबसे बड़ी अल्पसंख्यक आबादी है। ये सुन्नी ज्यादातर लारेस्तान में रहते हैं और ईरानी, बलूच, कुर्द, तुर्कमान, अरब आदि में बंटे हुए हैं। केवल ईरान के तीन प्रांतों कुर्दिस्तान, सिस्तान और बलूचिस्तान में वो बहुसंख्यक हैं। ये वो इलाके हैं, जो विकास की दौड़ में बहुत पिछड़े हैं या जिनकी ईरान सरकार द्वारा जानबूझकर उपेक्षा की जाती रही है। यहां तक देश में शिया और सुन्नियों के बीच साक्षरता दर में बहुत फर्क है। सुन्नी इलाकों में शुद्ध पेयजल तक आसानी से उपलब्ध नहीं है। जहां तक राजनीतिक प्रतिनिधित्व की बात है कि ईरान सरकार में 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद सुन्नी मुसलमानों का प्रतिनिधित्व नहीं के बराबर है। ईरान में शियाओं का एक उप सम्प्रदाय बारह इमाम को मानना ही देश का आधिकारिक धर्म है। हालांकि, सुन्नियों को उनका धर्म मानने की इजाजत है। सुन्नियों के दबाव के चलते हाल के कुछ वर्षों में उनका ईरान सरकार में प्रतिनिधित्व बढ़ाने की कोशिश जरूर की गई है। लेकिन सुन्नी से भेदभाव की भावना अब सुन्नी आतंकी संगठनों की हिंसक कार्रवाइयों में तब्दील होती जा रही है। वहां जैश-उल-अदल तथा जैश-उल-अंसार तथा अल-फुरकान जैसी सुन्नी आतंकवादी सगंठन दक्षिणी ईरान में सक्रिय हैं। पिछले दिनो ईरान ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान में जो एयर स्ट्राइक की थी, वह सुन्नी बलूची संगठनों के खिलाफ ही थी। यही हाल सुन्नी कुर्दों का भी है। ईरान सरकार उन्हें सख्ती से कुचलती रही है। इधर भारत में मोदी सरकार पर आरोप है कि उसके राज में देश में मुसलमानों को हाशिए पर डालने की कोशिश की जा रही है। इसमे आंशिक सच्चाई हो सकती है, लेकिन इसकी तुलना गजा, म्यानमार जैसे देशों से करना यही साबित करता है कि ईरानी सुप्रीम लीडर के लिए मुसलमान होने से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ नहीं है। गनीमत है कि अयातुल्लाह खामेनेई और ईरान के राष्ट्राध्यक्षों द्वारा यदा कदा दिए जाने वाले भारत विरोधी और मुस्लिम समर्थक बयानों के बावजूद दोनो देशों के कूटनीतिक व व्यापारिक रिश्तों पर कोई विपरीत असर नहीं पड़ा है। ईरान पर उसके परमाणु कार्यक्रम के कारण कड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध हैं। इसके बाद भी भारतीय नेता ईरान का दौरा करते रहे हैं। हाल में दोनो देशों के बीच हुए एक अहम समझौते के तहत ईरान के चाबहार स्थित शाहित बहिश्ती बंदरगाह का संचालन अगले 10 साल के लिए भारत ही करेगा। जिसका लाभ अफगानिस्तान को भी होगा और जिसे पाकिस्तान के ग्वादर में चीन द्वारा विकसित किए जा रहे बंदरगाह का जवाब माना जा रहा है। भारत ईरान से मुख्य रूप से बड़े पैमाने पर कच्चे तेल का आयात करता है। जबकि ईरान भारत से बासमती चावल व अन्य वस्तुएं आयात करता है। बहरहाल खामेनेई के खुले भारत विरोध के बाद ईरान के साथ हमारे रिश्ते क्या दिशा लेते हैं, यह देखने की बात है।

## अंचल

# हत्या में पुलिस ने संदेह के आधार छह लोगों पर दर्ज की एफआईआर

**सारंगपुर।** शहर के अस्पताल रोड पर मंगलवार रात 9 बजे शहर के पत्रकार सलमान अली की अज्ञात हमलावरों द्वारा गोली मारकर की गई हत्या की वारदात की गुत्थी फिलहाल पुलिस सुलझाने में लगी हुई है। पुलिस अधिकारी घटना के एक दिन बाद भी सीसीटीवी फुटेज खंगालने व जल्द ही आरोपितों को हिरासत में लेने की बात कर रहे है। जबकि घटना के दूसरे दिन मृतक के भाई अजीम शाह की शिकायत पर पुलिस ने परिवारो के संदेह के आधार पर बुधवार तड़के 3:45 बजे छः लोगों पर थाने में नामजद प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। इधर नगर में हुई इस घटना से शहरवासियों में भय व्याप्त है, साथ ही स्थानीय पत्रकारों में रोष देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सिविल अस्पताल के सामने बाइक सवार तीन बदमाशों ने शहर के पत्रकार सलमान की गोली मारकर हत्या कर दी, बताया जा रहा है की हत्या के लिए बदमाशों ने पिस्तौल कनपटी से सटाकर गोली चलाई है, वारदात रात करीब 8:55 बजे की है। वारदात के समय पत्रकार के साथ उनका बेटा भी मौजूद था। सूत्रों की मानें तो हत्या के बाद बदमाश बाजार की और भाग निकले हैं। पुलिस अभी भी सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है की पत्रकार अली, कुछ दोस्तों के साथ अस्पताल के सामने स्कूटी खड़ी कर दोस्तों से बातें कर रहे थे। इसी दौरान एसडीएम चौराहे की तरफ से आए अज्ञात बाइक सवार हमलावरों ने पीछे से पत्रकार के सर पर गोली चला दी। सलमान कुछ समझ पाता उससे पहले बदमाशों ने पिस्तौल निकाली और सलमान के सिर के पीछे से सटाकर गोली चला दी। गोली लगने से सलमान मौके पर ही गिर पड़ा और बदमाश फरार हो गए। शोर शराबे की आवाज हुई और एसडीएम चौराहे की तरफ से पेट्रोलिंग के लिए अस्पताल रोड से शहर में जा रहे सारंगपुर एसडीओपी अरविंद सिंह द्वारा तत्काल घायल सलमान को सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



### चाकू वाले मामले को भी जोड़कर पड़ताल कर रही पुलिस

थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा से जानकारी देते हुए बताया कि मृतक सलमान अली के छोटे भाई अजीम शाह की शिकायत पर सारंगपुर पुलिस ने संदेह के आधार पर युनुस पिता घीसा मास्टर, अब्दुल रहीम पिता घुडन शाह, सरफराज पिता सलामत, सलमान पिता मोहम्मद, फारुख काला पिता रईस, शाहरुख पिता अज्जू निवासी वजीर हुसैन मोहल्ला सारंगपुर पर अपराध क्रमांक 528/24 भारतीय न्याय संहिता 2023 (बीएनएस) की धारा 103(1), 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया है। जबकि सुबह 11:30 बजे तक मृतक सलमान के शव का पीएम डा. मनीष चौहान, डा. अंकित पोरवाल, डा. मनीष सूर्यवंशी, डा. नयन नागर ने किया और उसके पश्चात शव परिजनों को सौंपा गया। बुधवार को दो बजे के पश्चात पत्रकार सलमान को सैकड़ो लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी और कब्रस्तान में सुपूर्दे खाक किया गया। गौरतलब है कि पूर्व में सलमान पर बदमाशों ने 19 माह पहले फरवरी 2023 में भी हमला किया था। तब सलमान पर चाकुओं से हमला किया गया था। 5 से 6 चाकू सलमान को मारे गए थे, लेकिन वह किसी तरह बच गए था। चाकू की वारदात के समय भी सलमान ने कुछ लोगों के नाम पुलिस को बताए थे। अब हत्या के बाद पुलिस चाकू वाले मामले को भी इसमें जोड़कर पड़ताल कर रही है। अस्पताल रोड पर सरेआम गोली मारकर पत्रकार की हत्या के बाद से सारंगपुर नगर में दहशत है। वही अस्पताल रोड के दुकानदार डरे सहमे से नजर आ रहे हैं। वहीं वास्तविक बदमाशों तक पहुंचने के लिए पुलिस घटना के दूसरे दिन भी अस्पताल परिसर सहित समीप ही लगे अन्य कैमरों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा ने चर्चा में बताया कि पुलिस की जांच पडताल अभी भी जारी है जल्द ही सलमान के हत्यारों का खुलासा किया जाएगा।

### रातभर एसपी सारंगपुर में रहे

सारंगपुर में हत्या का मामला सामने आने के बाद शहर में आयोजित होने वाले अनंत चर्तुदर्शी के जुलूस और शहर में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए रात्रि करीब 10 बजे राजगढ एसपी आदित्य कुमार मिश्रा, एएसपी आलोक कुमार मौके पर पहुंच गया और सुबह करीब 4 बजे तक शहर में रहे। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर विरेंद्र सिंह दांगी, तहसीलदार मनोज कुमार शर्मा, एसडीओपी अरविंद सिंह, थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा अपने पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पटवारी ने मुख्यमंत्री को घेरा

सारंगपुर में हुए पत्रकार हत्याकांड का मामला प्रदेश स्तर पर पहुंच गया है। इस मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव को घेरते हुए पोस्ट की है और लिखा है कि "बेलगाम अपराध और बेखौफ अपराधी अब पत्रकारों को भी निशाना बना रहे हैं। मध्यप्रदेश के सबसे असफल गृहमंत्री के रूप में आपकी आपराधिक चुप्पी अब जानलेवा बन चुकी है। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा है कि "लचर तंत्र में कसावट लाएं, या फिर कुर्सी से उतर जाएं।

# कालीसिंध नदी पर बने पुल की उम्र खत्म, जर्जर होने से रोज लग रहा जाम

**सारंगपुर।** शहर से गुजरे नेशनल हाइवे क्रमांक 52 (एनएच 03) पर बने कालीसिंध नदी पुल की उम्र को करीब 95 वर्ष हो गए है। बार-बार इस पर मरम्मत की आवश्यकताएं पड़ने लगी है जिससे न केवल एनएचएआई को मरम्मत के नाम पर मोटी रकम खर्च करना पड़ती थी बल्कि अब सेतू निगम को भी दिक्कते आ रही है। इसके अलावा यहां से गुजरने वाले सैकड़ों वाहनों को भी यहां से सुरक्षित निकलने में व्यवधान उत्पन्ना हो रहा है। पुल से गुजरते समय लोगों का नदी में गिरकर मौत के मुंह में असमय समा जाना और वाहनों के एक्सल टूटना आम बात हो गई है। इसकी मुख्य वजह कालीसिंध नदी के इस पुल संकारापन और उसपर होने वाले गड्ढे से भयावह स्थिति मानी जा रही है। बुधवार को भी एक ट्रेक्टर में नुकसान के कारण घंटो जाम की स्थिति निर्मित हो गई, जिसमें सैकड़ो वाहन चालक परेशान हो गए। यह एक अलग बात है कि लगभग 95 वर्ष पुराने इस पुल की चौड़ाई कम होने से एक साथ दो भारी वाहन क्रासिंग में फंसते रहे है, लेकिन इनके फंसने की वजह गड्ढों में वाहनों का झूलकर चलना भी एक अहम कारण है। सेतू निगम के द्वारा कुछ सप्ताह पहले ही यहां मरम्मत की गई थी कि शुरू बारिश में ही पुल पर फिर से गड्ढे हो गए है। वर्ष 2014 में अंतिम बार रैलिंग लगाई गई थी जो तुफान में धरासायी हो जाने के बाद से पुल बिना रैलिंक के स्थाई मरम्मत के इंतजार में है। लगभग 12 वर्ष पहले 30 जुलाई को कालीसिंध नदी में भीषण बाढ़ के दौरान यह पुल टूटकर बह गया था। जिससे 10



दिनों तक यह मार्ग बंद हो गया था। 7 वर्ष पहले 22 सितंबर वर्ष 2017 को बाढ़ के कारण पुल का एक हिस्सा टुटने की स्थिति में था जिसके कारण 1 दिन हाइवे पर आवागमन बंद था। जबकि वर्ष 2019 में बारिश से आई बाढ़ के कारण पुल का शाजापुर की साइड का हिस्सा बहने से एक माह से भी ज्यादा बस और चार पहिया वाहनों का आवागमन बंद रहा था। पुल की जर्जर हालत ही एक मुख्य वजह थी कि बाढ़ के बहाव से पुल ने जवाब दे दिया था। वर्ष 2019 में नुकसान के बाद केंद्रीय दल और तत्कालीन कलेक्टर ने एनएचएआई अफसरों के साथ दौरा किया और पीडब्ल्यूडी ने अस्थाई व्यवस्था कराकर पुल से आना-जाना शुरू किया। कालीसिंध नदी पुल के एक छोर से दूसरे छोर तक लगभग 4 से 5 ऐसे भयंकर एवं जान लेवा गड्ढे है कि वाहन चालक के वाहन हिचकोले खाए बिना रह ही नहीं सकते है। पुल के बीचों बीच गहरा गड्ढे मुसीबत बना हुआ है।

### बोले जिम्मेदार

हमने दो बार वर्षा के दौरान गड्ढे भरवा दिए थे, लेकिन पुनः भारी वर्षा के चलते गड्ढे हो गए है, जिन्हें जल्द ही भरवाया जाएगा। नवीन पुल निर्माण के लिए राशि स्वीकृत है और 1 माह के भीतर कौन सी कंपनी पुल का निर्माण करेंगी इसका पता चल जाएगा। प्रयास रहेगा कि जल्द से जल्द नए पुल का निर्माण कालीसिंध नदी पर हो जाए। जफर बैग मिर्जा, एसडीओ, सेतू निगम, शाजापुर।

# भव्य कलशयात्रा के साथ आज होगा श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

रुद्रांश दर्पण जांजगीर-चांपा
अरविन्द तिवारी






जांजगीर चाम्पा - श्रीराघव जी महाराज की असीम कृपा एवं पूर्वजों के आशीर्वाद के फलस्वरूप कोसा , कांसा एवं कंचन की नगरी और मां समलेश्वरी की पावन धरा चाम्पा (ब्राह्मणपारा) में श्रीमति आशा द्विवेदी के वार्षिक श्राद्ध के निमित्त 19 सितम्बर से 26 सितम्बर तक पं0 दिनेश कुमार दुबे (पुरगांव वाले) के मुखारविंद से संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ कथा आयोजित है। इसके मुख्य यजमान श्रीमति श्वेता जयप्रकाश द्विवेदी होंगे। पुरी शंकराचार्यजी द्वारा संस्थापित संगठन पीठ परिषद के वरिष्ठ सदस्य एवं कथा के आयोजक पं0 मोहन द्विवेदी ने अरविन्द तिवारी को बताया कि आज 19 सितम्बर गुरूवार को भव्य कलशयात्रा पश्चात पूजन एवं षट्ध्यायी के साथ कथा का शुभारंभ होगा। वहीं दूसरे दिन से प्रतिदिन की कथा का शुभारंभ दोपहर तीन बजे से होगा , जो हरि इच्छा तक चलेगी। कथा की अगली कड़ी में 20 सितम्बर शुक्रवार को परीक्षित श्राप और वाराह अवतार की कथा , 21 सितम्बर शनिवार को शिव चरित्र - ध्रुव चरित्र एवं जड़भरत की कथा , 22 सितम्बर रविवार को नरसिंह अवतार एवं समुद्र मंथन , 23 सितम्बर सोमवार को श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग , 24 सितम्बर मंगलवार को रूखमणि विवाह , 25 सितम्बर बुधवार को सुदामा चरित्र , 26 सितम्बर गुरूवार को चढ़ोत्तरी के साथ कथा का विश्राम और 27 सितम्बर शुक्रवार को हवन - सहस्त्रधारा - कपिला तर्पण - ब्राह्मण भोज एवं यज्ञ का विसर्जन होगा। कथा आयोजक ने इस लोक मंगलकारी कल्याणमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ में सभी को सपरिवार , इष्टमित्रों सहित पधारकर कथा श्रवण कर पुण्य के भागी बनने की अपील की है।

# आईजी डॉ. संजीव शुक्ला ने ली रेंज अंतर्गत जिलों के पुलिस अधीक्षकों की समीक्षा बैठक

रुद्रांश दर्पण बिलासपुर
अरविन्द तिवारी




बिलासपुर - पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज डॉ. संजीव शुक्ला द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय , छ.ग. शासन की अध्यक्षता में विगत दिवस 13 सितम्बर को रायपुर में आयोजित कलेक्टर - एसपी. कॉन्फ्रेंस में दिये गये निर्देशों के परिपालन के संबंध में रेंज के जिलों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की समीक्षा हेतु आज वर्चुअल बैठक ली गई। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा रेंज अंतर्गत जिलों में नशे के विरूद्ध और सायबर अपराधों पर प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। सामाजिक अपराधों जैसे-जुआ, सट्टा, अवैध शराब पर ज़ीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करते हुये कार्यवाही करने , अभ्यस्त अपराधियों के विरूद्ध विधिसम्मत कार्यवाही करने सहित जिलों में महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित लंबित अपराधों , एससी/एसटी एक्ट के प्रकरणों सहित पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना अंतर्गत प्रकरणों के निराकरण की ओर विशेष ध्यान दिये जाने तथा लंबित ऐसे सभी प्रकरणों की समीक्षा की नियमित रूप से किया जाकर प्रकरणों का समयबद्ध विधिसम्मत निराकरण करने निर्देशित किया गया।पुलिस महानिरीक्षक द्वारा इस बात पर विशेष ज़ोर दिया गया कि जिले में लंबित महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों एवं एससी/एसटी प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जावे। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना अंतर्गत प्रकरणों में पीड़ितों के राहत के प्रकरणों का विशेष रूचि लेकर निराकरण किये जाने साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र क्षतिपूर्ति राशि स्वीकृत कराया जाकर पीड़ितों को उपलब्ध कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने निर्देशित किया गया। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा जिलों में सामुदायिक पुलिसिंग के कार्यक्रम प्रभावी रूप से चलाये जाने पर ज़ोर दिया गया। महिलाओं के सशक्तीकरण के लिये सभी जिले में महिला रक्षा टीम का गठन किये जाने तथा नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जाने निर्देशित किया गया। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्य योजना तैयार कर दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लाने सतत प्रयास किये जाने निर्देशित किया गया। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा आगामी दिनों में आने वाले पर्व और त्यौहारों के दौरान जिले में साम्प्रदायिक सौहार्द एवं शांति व्यवस्था, कानून-व्यवस्था बनाये रखने हेतु वरिष्ठ कार्यालयों से समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया। इस समीक्षा बैठक में समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चाम्पा श्री विवेक शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मुँगेली भोजराम पटेल , पुलिस अधीक्षक रायगढ़ दिव्यांग पटेल , पुलिस अधीक्षक जिला गौ.पे.म. श्रीमती भावना गुप्ता , पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी , पुलिस अधीक्षक सक्ती सुश्री अंकिता शर्मा , पुलिस अधीक्षक सारंगढ़-बिलाईगढ़ पुष्कर शर्मा सहित अति.पुलिस अधीक्षक रेंज कार्यालय बिलासपुर श्रीमती मधुलिका सिंह और उप पुलिस अधीक्षक(मुख्यालय) बिलासपुर उदयन बेहार उपस्थित रहे।

## आरसेटी में नि:शुल्क प्रशिक्षण लेने हेतु आवेदन आमंत्रित

**रुद्रांश दर्पण नारायणपुर** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नारायणपुर के द्वारा 30 दिवसीय विडियो ग्राफी एवं फोटो ग्राफी प्रशिक्षण एवं 30 दिवसीय मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण निशुल्क दिया जाना है। आरसेटी में नि:शुल्क प्रशिक्षण लेने हेतु सभी युवक एवं युवती जिनकी उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच हो एवं बीपीएल कार्ड धारी अथवा मनरेगा कार्ड धारी अथवा एसएचजी समूह के सदस्य हो वह मोबाईल नंबर 9407629900, 8871870018, 9301104537 संपर्क सूत्र पर कार्यालय में आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर पंजीयन करवा सकते हैं अथवा दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर अपना पंजीयन ऑनलाइन कर सकते हैं। आवेदकों को प्रशिक्षण के दौरान निशुल्क छात्रावास, चाय नाश्ता एवं भोजन, यात्रा भत्ता, प्रोजेक्टर द्वारा प्रशिक्षण, आरसेटी यूनिफॉर्म, पेन कॉपी की सुविधा प्रदान की जाएगी। आवेदन के साथ अंक सूची यदि हो तो, परिचय पत्र अथवा आधार कार्ड, राशन कार्ड अथवा मनरेगा जॉब कार्ड और पासपोर्ट साइज 5 फोटो जमा करना अनिवार्य होगा।

# स्वछता ही सेवा अभियान 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलाया जाएगा

रुद्रांश दर्पण नारायणपुर

भारत सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार जिले में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वछता ही सेवा अभियान मनाया जाना है, जिसके तैयारी के संबंध में कलेक्टर श्री बिपिन मांझी के निर्देशन में अपर कलेक्टर श्री बीरेन्द्र बहादूर पंचभाई द्वारा आज समय सीमा के बैठक के पश्चात् स्वच्छता ही सेवा के गतिविधियों को जिले में अच्छे से क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर में गठित स्टियरिंग कमिटी की बैठक लेकर सभी विभाग को गतिविधियों की जानकारी देकर उक्त अभियान में विशेष ध्यान देकर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए गए हैं। आज पंचायत स्तर पर अभियान की शुरुवात हो गई है, इस संबंध में कलेक्टर श्री बिपिन मांझी द्वारा समय सीमा के बैठक के पश्चात् स्वच्छता ही सेवा के गतिविधियों को जिला स्तर पर क्रियान्वयन के लिए बैठक लेकर सभी विभाग को गतिविधियों को धरातल पर प्रतिदिन क्रियान्वित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्री मांझी ने अभियान में विशेष सहयोग करने की अपील की है साथी सभी अधिकारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाया गया।




**रुद्रांश दर्पण बालोद** जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के वजन एवं ऊँचाई की जाँच कर कुपोषण मुक्ति हेतु किए जा रहे हैं उपाय। कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज आंगनबाड़ी केन्द्र उमरादाह का निरीक्षण कर वहां वजन तिहार के अंतर्गत की जा रही गतिविधियों का अवलोकन किया।



**रुद्रांश दर्पण रायपुर** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशा अनुरूप आमजनाओं की समस्या का जल्द किया जा रहा समाधान। अभनपुर ब्लॉक के ग्राम केंद्र में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में 306 आवेदनों का हुआ निराकरण। कार्यक्रम में विधायक श्री इंद्रकुमार साहू ने कहा कि जिन लोगों के नाम सर्वे सूची में नहीं हैं, उनके नाम जोड़े जाएंगे। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आवेदकों से कहा कि अगर पीएम आवास के लिए कोई बिचौलिया आपसे संपर्क करे तो आप हमसे शिकायत करें। कार्यक्रम में सरस्वती सायकल योजना के तहत छात्राओं को सायकल प्रदाय किया गया।



**रुद्रांश दर्पण सरगुजा** जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 20 सितंबर को होगी आयोजित मैनुअल स्कवेंजर्स का प्रतिषेध एवं उनका पुर्नवास अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सर्वेक्षण एवं सतर्कता समिति की बैठक 20 सितंबर को होगी आयोजित।

# लिफ्ट के बहाने दैहिक शोषण करने वाला आरोपी जेल दाखिल

रुद्रांश दर्पण जांजगीर-चांपा
भूपेन्द्र यादव

जांजगीर चाम्पा - मोटर साइकिल में लिफ्ट देने के बहाने महिला का दैहिक शोषण करने के आरोपी को त्वरित कार्यवाही करते हुये अकलतरा पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया , जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस मीडिया ग्रुप से इस संबंध में मिली विस्तृत जानकारी के अनुसार आरोपी दिलीप रात्रे के द्वारा पीड़िता को मोटर साइकिल से लिफ्ट देने के बहाने इंदिरा उद्यान के सुनसान जगह में ले जाकर दैहिक शोषण किया। मामले की रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में अपराध क्रमांक 434/2024 धारा 64 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। महिला पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुये विवेक शुक्ला (आईपीएस) पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में आरोपी की पतासाजी हेतु थाना स्तर से टीम गठित किया गया। प्रकरण के आरोपी आरोपी दिलीप रात्रे को उसके निवास से पकड़कर हिरासत में लेकर घटना के संबंध मे पूछताछ किया गया ,




पूछताछ में उन्होंने जुर्म स्वीकार किया। आरोपी के विरूद्ध धारा सदर अपराध सबूत पाये जाने से अकलतरा पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया , जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया।? उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक मणिकांत पाण्डेय थाना प्रभारी अकलतरा , सहायक उपनिरीक्षक बी.पी खांडेकर , प्रधान आरक्षक शरीफुद्दीन खान , आरक्षक शेषनारायण का सराहनीय योगदान रहा।

**गिरफ्तार आरोपी** - दिलीप रात्रे उम्र 25 वर्ष निवासी कोटमीसोनार थाना अकलतरा जिला जांजगीर चांपा (छत्तीसगढ़)

# भिक्षावृत्ति में संलग्न लोगों के पुनर्वास के लिए बनायें विस्तृत कार्य-योजनाः कलेक्टर

रुद्रांश दर्पण बिलासपुर

**अटैचमेन्ट समाप्त करने के आदेश का पालन नहीं करने वाले डॉक्टर और कर्मचारी होंगे निलंबित, कलेक्टर ने मंगाए प्रस्ताव**

**एसडीएम नियमित रूप से करें राशन दुकान की समीक्षा**

**30 सितम्बर के पहले दें स्कूल जतन योजना की जांच रिपोर्ट**




सड़कों पर भिक्षावृत्ति जैसे हीन कार्यों में संलग्न गरीब लोगों के पुनर्वास के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक व्यापक कार्य-योजना बनाई जायेगी। शासन की तमाम योजनाओं से जोड़कर योग्यता अनुसार उनका लाभ दिलाया जायेगा। कलेक्टर अवनीश शरण ने साप्ताहिक टीएल बैठक में इस आशय के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम कमिशनर अमित कुमार की अध्यक्षता में इस कार्य के लिए एक अधिकार संपन्न समिति भी गठित की है। अगले पन्द्रह दिवस में ऐसे लोगों का चिन्हांकन कर प्रस्ताव देने को कहा है। जरूरत पड़ने पर निराश्रित निधि का इस्तेमाल भी किया जायेगा। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज बैठक में लगभग दो घण्टे तक शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री की कलेक्टर कॉन्फरेन्स में दिये गये निर्देशों की जानकारी देकर उन पर तेज गति से काम करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग में अटैचमेन्ट खत्म करने के अपने आदेश का पालन नहीं किये जाने पर नाजाजगी जाहिर की। उन्होंने ऐसे डॉक्टरों और कर्मचारियों का वेतन रोककर निलंबन का प्रस्ताव देने के कड़े निर्देश सीएमएचओ को दिए। उन्होंने कहा कि पीडीएस सिस्टम सही तरीके से काम करे, इसे सुनिश्चित करना संबंधित एसडीएम की जिम्मेदारी है। लिहाजा सभी एसडीएम माह में कम से कम एक दफा दुकान संचालकों की बैठक लेकर स्थिति की समीक्षा करें। स्कूल जतन योजना में गड़बड़ी की जांच के लिए गठित समिति को 30 सितम्बर के पहले रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। इसके बाद दोषियों को दण्डित भी किया जायेगा। प्राथमिकी भी दर्ज कराई जायेगी। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड बनाने एक बार फिर अभियान चलाने के निर्देश दिए। एक से 15 अक्टूबर तक अभियान चलाया जायेगा। ज्ञातव्य है कि अभी भी लगभग 7 लाख लोगों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध नहीं हो सका है। बताया गया कि हाई कोर्ट के आस-पास एक विश्राम गृह की स्वीकृति शासन से प्राप्त हुई है। हाई कोर्ट से संबंधित काम के लिए पूरे राज्य भर से अधिकारी आते हैं। उनके ठहरने के लिए इसके बन जाने से कोई दिक्कत नहीं होगी। कलेक्टर ने फिर से जोर देकर कहा कि स्कूल, अस्पताल के 100 मीटर के दायरे में पान-गुटखा की बिक्री नहीं होनी चाहिए। अधिकारी गण निरंतर इस पर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि 15 साल से पुराने शासकीय वाहनों का अपलेखन किया जायेगा। वाहन साफ्टवेयर में इससे जुड़ी जानकारी अपलोड किया जाये। ओबीसी सर्वे की भी जानकारी लेकर 25 सितम्बर तक इसे पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी छात्रावासों में माह में कम से कम एक बार अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए हैं।

# महानदी में बंद बोरी में मिली लाश का हुआ पर्दाफाश

रुद्रांश दर्पण जांजगीर-चांपा
भूपेन्द्र यादव

जांजगीर चाम्पा - मृतक के दुर्व्यवहार से तंग आकर लोहे के धारदार हथियार एवं डण्डा से मारकर निर्मम हत्या करने और लाश को छुपाने के उद्देश्य से मृतक के शव को बोरी में भरकर हसदेव नदी में बहाने के दो आरोपियों को शिवरीनारायण पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया , जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में इस हत्याकाण्ड का खुलासा करते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल ने बताया मृतक संतोष कश्यप उम्र 37 वर्ष निवासी सलखन विगत दिवस 13 सितम्बर के लगभग पांच बजे बिना बताये घर से निकला था , जो दूसरे दिन 14 सितम्बर के दस बजे तक घर वापस नहीं आया। मृतक की पत्नी की सूचना पर थाना शिवरीनारायण में गुम इंसान कायम कर पतासाजी की जा रही थी। गुम इंसान जांच के दौरान थाना शिवरीनारायण पुलिस को 15 सितम्बर को सूचना मिला कि ग्राम करही थाना बिर्रा महानदी में एक सफेद प्लास्टिक बोरी में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। सूचना पर थाना बिर्रा में मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया , जिसकी पहचान मृतक संतोष कश्यप उम्र 37 वर्ष निवासी सलखन का होना पाया गया। प्राप्त पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर साहब द्वारा मृतक की मृत्यु को होमीसाईडल लेख किये जाने से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मूल अपराध थाना शिवरीनारायण में अपराध कमांक 373/2024 धारा 103(1) , 238 बीएनएस कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। हत्या जैसे मामले की गंभीरता को देखते हुये विवेक शुक्ला (आईपीएस) पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चाम्पा के निर्देशन में अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु तत्काल टीम गठित किया जाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार जायसवाल एवं एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार के मार्गदर्शन में मृतक को जहां आखिरी बार ग्राम खलखन में देखा गया था , घटनास्थल के आसपास के लोगो को मृतक के संबंध में पूछताछ की जा रही थी। इसी क्रम में विश्वसनीय सुचना मिलने पर संदेही आरोपी रॉकी कश्यप एवं जगदीश



कश्यप को हिरासत में लेकर कड़ाई से पुछताछ किया गया। जिसके द्वारा बताया कि मृतक संतोष कश्यप अक्सर आरोपी रॉकी के किराना दुकान में आकर जब चाहे बिना पुछे किसी भी सामान को उठाकर खा देता था एवं ले जाता था। पैसा के लिये बोलने पर तुम गलत काम करते हो तुमको मैं जेल भेजवा दूंगा एवंकहकर धमकी देता था। मृतक के द्वारा दिये गये धमकी से आरोपी रॉकी परेशान हो गया था , तब आरोपी राकी ने अपने दोस्त जगदीश कश्यप के साथ मिलकर उसे मारने का प्लान बनाया। विगत दिवस 13 सितम्बर को शाम लगभग सात बजे के आसपास अपने दोस्त जगदीश कश्यप के साथ शराब पी रहा था उसी समय मृतक संतोष कश्यप भी वहीं पर आया और आरोपी रॉकी के साथ वाद विवाद कर वहां से चला गया। उसके बाद रात्रि लगभग दस बजे संतोष कश्यप फिर दुकान से कुछ दुर रोड पर खड़े होकर गाली गलौच कर शराब मांग रहा था जिसे दोनो आरोपी, मृतक को जान से मारने की नियत से दुकान अंदर से एक लोहे का धारदार हथियार दरैती लाया तथा मृतक के गर्दन के पीछे मारा जिससे मृतक संतोष के गले का पिछला हिस्सा कटकर खेन बहने लगा और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के लाश को छिपाने के उद्देश्य से एक प्लास्टिक की सफेद रंग की बोरी में बांधकर दोनो आरोपी मिलकर मोटर सायकल लाल रंग का पैशन प्रो ले जाकर उसी रात लगभग साढ़े बारह बजे ग्राम सलखन , गोधना , कुरियारी , तुस्मा , मुड़पार , कनस्दा , नगारीडीह केरा को पारकर ग्राम सिलादेही के पहले बने हसदेव नदी के पुल पर गये तथा संतोष कश्यप के शव को नदी के तेज बहती पानी में फेक दिये। पुलिस विवेचना दौरान दोनो आरोपियों से वारदात में प्रयुक्त धारदार हथियार , लाठी , मोटर सायकल क्रमांक पैशन प्रो सीजी-11-सीएफ- 1827 को बरामद किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध कृत्य धारा सदर का अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से शिवरीनारायण पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया , जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही मे एसडीओपी चाम्पा यदुमणी सिदार , उपनिरीक्षक सागर पाठक थाना प्रभारी शिवरीनारायण , सायबर टीम से उप निरीक्षक पारस पटेल प्रभारी सायबर सेल, सहायक उपनिरीक्षक विवेक सिंह, प्रधान आरक्षक मनोज तिग्गा, विवेक सिंह, आरक्षक रोहित कहरा, गिरीश कश्यप एवं सहायक उपनिरीक्षक प्रमोद महार , प्रधान आरक्षक विजय निराला, आरक्षक विकाश शर्मा, द्वारिका साहू, महेंद्र राज, रामकुमार कश्यप तेरस साहू थाना शिवरीनारायण का सराहनीय योगदान रहा।

**गिरफ्तार आरोपीगण** - राकी कश्यप पिता स्व0 दिलीप कश्यप उम्र 33 वर्ष निवासी सलखन थाना शिवरीनारायण और जगदीश कश्यप पिता स्व0 मनहरण कश्यप उम्र 29 वर्ष निवासी सलखन थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा (छत्तीसगढ़)

# जिला कलक्टर ने गिरदावरी का किया औचक निरीक्षण

**रुद्रांश दर्पण गंगापुर सिटी, रिपोर्ट - पुरुषोत्तम प्रजापत**

किसान अब अपने खेत की स्वयं कर सकेंगे गिरदावरी
-जिला कलक्टर

जिला कलक्टर डॉ. गौरव सैनी ने मच्छिपुरा एवं मालियों की चौकी में गिरदावरी का औचक निरीक्षण किया

निरिक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने तहसीलदार बसंत शर्मा एवं गिरदावर सुनीता चाहर को अगले सात दिवस में शत-प्रतिशत गिरदावरी पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किये साथ ही जहाँ कृषकों द्वारा राज किसान गिरदावरी एप के माध्यम से स्वयं गिरदावरी की जानी है के बजट घोषणा के अनुसार निर्धारित पांच प्रतिशत के लक्ष्य को शीघ्र अर्जित करने के आदेश दिए

**किसान अब अपने खेत की स्वयं कर सकेंगे गिरदावरी**

इस दौरान जिला कलक्टर ने जिले के किसानों से अपील की कि राज्य सरकार ने 2024-25 खरीफ की फसल हेतु यह प्रावधान किया है कि राज किसान गिरदावरी मोबाइल एप द्वारा जिले के किसान अब स्वयं अपनी फसल की गिरदावरी कर सकेंगे

**इस तरह कर सकेंगे स्वयं गिरदावरी** उन्होंने बताया कि राज किसान गिरदावरी एप पर किसान मोबाइल नम्बर से लॉग-इन कर सकेंगे लॉग इन हेतु कृषक अपने आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी प्राप्त करेंगे ओटीपी वेरीफाई होने पर लॉग-इन हो जाएगा। तत्पश्चात किसान फसल विवरण जोड़े के विकल्प को क्लिक कर सम्बंधित जानकारी दर्ज कर सकेंगे और उसके बाद आधार से जुड़े खाते का ऑप्शन प्राप्त होगा वहीं दूसरी ओर खाता खोजने का विकल्प भी एप में दिया गया है इनमें से किसी भी एक विकल्प को पूर्ण कर क्लिक करने पर एक पेज खुलेगा। उसमें किसान खुद के जिले, तहसील और गांव को चयनित कर सकेगा साथ ही काश्तकार को स्वयं की खातेदारी के खाता संख्या को अंकित कर कैलिब्रेट आइकॉन पर क्लिक करना होगा। कैलिब्रेट करने के बाद गिरदावरी सीजन और फसल का चयन करें खाते का क्षेत्रफल हेक्टेयर में दर्ज करें इसके बाद कृषक को खेत में बोई गई फसल की साफ फोटो अपलोड करनी होगी। इस प्रकार किसान स्वयं अपने खेत की गिरदावरी कर सकेंगे और इससे किसानों को अत्यधिक सुविधा होगी इस प्रकिया के बाद सम्बंधित पटवारी किसान द्वारा की गई गिरदावरी का सत्यापन करेंगे जिले के समस्त किसानों से अपील की जाती है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के पटवारी अथवा गिरदावर से सम्पर्क करें ताकि राज किसान गिरदावरी मोबाइल एप पर उनकी (किसान की) आईडी मेप कराई जा सके जिससे वे स्वयं अपनी सुविधानुसार गिरदावरी कर सकें निरीक्षण के दौरान पटवारी प्रभा सिंह सहित अन्य राजस्व कार्मिक एवं काश्तकार उपस्थित रहे

# सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं से सम्बंधित समीक्षा बैठक सम्पन्न

**रुद्रांश दर्पण गंगापुर सिटी रिपोर्ट - पुरुषोत्तम प्रजापत**



जिला कलक्टर डॉ. गौरव सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को कलक्ट्रेट में सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने माननीय मुख्यमन्त्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा वीसी के माध्यम से प्रदत्त निर्देशों की अनुपालना, बजट-घोषणा, सड़क, पेयजल व विद्युत आपूर्ति, मौसमी बीमारी, संपर्क पोर्टल, ई-फाइलिंग निस्तारण समय आदि की जिले में प्रगति की समीक्षा की ।

समीक्षा बैठक में जिला कलक्टर ने बजट घोषणाओं से सम्बंधित भूमि आवंटन की वस्तुस्थिति का विस्तृत ब्यौरा सम्बंधित विभागाध्यक्षों से प्राप्त किया। साथ ही जहाँ भी भूमि आवंटित की जा चुकी है वहाँ भूमि तुरंत प्रभाव से सम्बंधित विभाग को सुपुर्द करवाने के निर्देश राजस्व अनुभाग के प्रभारी सहायक प्रशासनिक अधिकारी पवन जिंदल को प्रदान किये। जिससे सम्बंधित विभागों द्वारा बजट घोषणा की समयबद्ध क्रियान्विति सुनिश्चित की जा सके। राजस्व अनुभाग प्रभारी ने जिला कलक्टर को अवगत कराया कि महिला थाने के लिए भूमि आवंटन से सम्बंधित प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं और भूमि आवंटन की कार्यवाही जल्द सुनिश्चित कर दी जाएगी।

डॉ. सैनी ने पशुपालन विभाग के उप निदेशक डॉ. योगेश शर्मा को पशु मेले के लिए जगह चिन्हित कर प्रस्ताव जल्द से जल्द सक्षम स्तर को भिजवाने के लिए निर्देशित किया। वहीं भेड़ निष्क्रमण कार्यक्रम की वस्तुस्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। डॉ. शर्मा ने जिला कलक्टर को अवगत कराया अब तक जिले में भेड़ निष्क्रमण कार्यक्रम के 12 परमिट जारी किये जा चुकें हैं और इस दौरान कुल 151 19 भेड़े निष्क्रमित हुई हैं।

इस दौरान जिला कलक्टर ने माननीय मुख्यमन्त्री श्री भजनलाल शर्मा के द्वारा वीसी के माध्यम से प्रदत्त निर्देशों की अनुपालना में नगर परिषद् सहित समस्त नगर पालिकाओं में छ: सदस्यों की समिति गठित कर समिति के माध्यम से जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों में नियमित साफ़-सफाई एवं स्वच्छता की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश नगर परिषद् आयुक्त दीपक चौहान को दिए। साथ ही जिले के शहरी क्षेत्र में वाई-फाई इनेबल्ड लाइब्रेरी एवं वर्किंग स्टेशन हेतु जगह चिन्हित करने के आदेश नगर परिषद् आयुक्त को दिए जिससे उक्त उपक्रमों को जल्द ही शुरू कर जिलेवासियों को सुपुर्द किया जा सके। वहीं जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत सहित सभी स्तरों पर अटल सेवा केन्द्रों में वीसी सिस्टम, सोलर एवं विद्युत आपूर्ति की वस्तुस्थिति की विस्तृत रिपोर्ट संकलित कर जिला मुख्यालय भिजवाने के निर्देश सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के प्रोग्रामर अनिल मीना को प्रदान किये।

समीक्षा बैठक में जिला कलक्टर ने अत्यधिक वर्षा के कारण आमजन को जो भी असुविधा हुई के सम्बन्ध में राजकीय आधारभूत संरचनाओं जैसे बाँध, एनिकट, पुल, रपट, सड़क आदि में सुधार के आँकलन हेतु विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर अगले एक माह में जिला मुख्यालय भिजवाने के आदेश समस्त विभागाध्यक्षों को दिए जिससे आमजन को भविष्य में सम्भावित असुविधाओं से निजात दिलाया जा सके। साथ ही जहाँ कहीं भी आमजन की सुविधा हेतु एनिकटों का निर्माण किया जाना आवश्यक है के प्रस्ताव भी जिला मुख्यालय भिजवाने के लिए सम्बंधित अधिकारिओं को निर्देशित किया।

जिला कलक्टर ने प्रभारी सचिव श्री महेन्द्र सिंह सोनी एवं सम्भागीय आयुक्त श्री सांवरमल वर्मा द्वारा विभिन्न समीक्षा बैठक के दौरान बजट घोषणा में घोषित परियोजनाओं, जिले में संचालित विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में प्रदान किये निर्देशों की अनुपालना की विस्तृत रिपोर्ट विभागवार प्राप्त की। साथ ही इस सम्बन्ध में विभिन्न विभागों द्वारा अब तक की गई कार्यवाही, निविदा प्रक्रिया, शुरू किये गए, प्रगतिरत एवं सम्पादित कार्यों की भी समीक्षा की।

बैठक में जिला कलक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बत्तीलाल मीना से डेंगू, चिकनगुनिया, स्वाईन फ्लू आदि मौसमी बीमारियों से सम्बंधित रोगियों का ब्यौरा प्राप्त किया और उनका कुशलक्षेम जाना। साथ ही उनको प्रदान किये जा रहे उपचार एवं चिकित्सा सुविधायों की जानकारी भी प्राप्त की। वहीं प्रिवेंटिव उपाय से सम्बंधित गतिविधियों को गति प्रदान कर एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के माध्यम से मौसमी बीमारियों के संक्रमण की तुरंत प्रभाव से रोकथाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिससे मौसमी बिमारियों का आमजन में और अधिक विस्तार नहीं हो सके।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा, अतिरिक्त मुख्या कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

**रुद्रांश दर्पण गंगापुर सिटी रिपोर्ट - पुरुषोत्तम प्रजापत**

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा की मंशानुरूप जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए माह के तीसरे गुरुवार 19 सितम्बर 2024 को प्रातः 11 बजे से पंचायत समिति स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जिला कलक्टर डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में सम्भागीय आयुक्त श्री सांवरमल वर्मा द्वारा भी जनसुनवाई की जाएगी। जनसुनवाई में जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से हिस्सा लेंगे। इस दौरान जिले के सभी विभागों के अधिकारी जनसुनवाई में भाग लेकर आमजन की ज्यादा से ज्यादा समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराएंगे।

## वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2024 के लिए 19 सितम्बर तक करें आवेदन

### राजस्थान निवासी वरिष्ठ नागरिक हवाई जहाज व रेल से कर सकेंगे धार्मिक यात्रा

**रुद्रांश दर्पण गंगापुर सिटी रिपोर्ट- पुरुषोत्तम प्रजापत**

राजस्थान सरकार द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2024 के लिए ऑनलाईन आवेदन 19 सितंबर तक किये जा सकते है। राजस्थान के मूल निवासी 60 साल से अधिक आयु के ऐसे बुजुर्ग आवेदन कर सकेंगे, जो आयकरदाता नहीं है। योजना में 60 साल से ज्यादा के लोग धार्मिक यात्रा हवाई जहाज व रेल से कर सकेंगे।

जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि राजस्थान सरकार के देवस्थान विभाग के माध्यम से नि:शुल्क वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2024 संचालित की जा रही है । इसके अन्तर्गत हवाई जहाज से पशुपतिनाथ-काठमाण्डु (नेपाल) की यात्रा की जा सकती है। रेल द्वारा रामेश्वरम्-मदुरई , जगन्नाथपुरी , तिरूपति, द्वारकापुरी-सोमनाथ, वैष्णोदेवी-अमृतसर , प्रयागराज-वाराणसी , मथुरा-वृंदावन -बरसाना , सम्मेदशिखर-पावापुरी-वैद्यनाथ , उज्जैन-ओंकारेश्वर-त्रयम्बकेश्वर (नासिक) , गंगासागर (कोलकत्ता) , कामाख्या (गुवाहटी) , हरिद्वार - ऋषिकेश-अयोध्या , मथुरा-अयोध्या , बिहार शरीफ , वेलकानी चर्च (तमिलनाडू) यात्रा की सुविधा है। कैसे करें आवेदन :- धार्मिक स्थलों की यात्रा राजस्थान सरकार के द्वारा देवस्थान विभाग के माध्यम से नि:शुल्क प्रायोजित की जा रही है। इसके लिए राजस्थान के 60 वर्ष से अधिक आयु के पात्र मूल निवासी वरिष्ठ नागरिकों को गुरूवार 19 सितम्बर तक देवस्थान विभाग की वेबसाईट https://devasthan.rajasthan.gov.in/ हिन्दी में देवस्थान डिपार्टमेन्ट राजस्थान में आवेदन करना होगा। इसी वेबासाईट पर उपलब्ध आवेदन करने के लिंक के माध्यम से अथवा https://edevasthan.rajasthan.gov.in/forms/home.asp& वेबसाइट पर सीधे जाकर भी आवेदन किया जा सकता है। आवेदन भरने में असुविधा होने पर अधिक जानकारी के लिए सहायक आयुक्त जयपुर प्रथम के नंबर 0141-2614404 पर भी संपर्क किया जा सकतापुराने आवेदन भी शामिल- वर्ष 2022वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना में प्राप्त आवेदनों में से ही वर्ष 2023-24 में यात्रा पर गये यात्रियों के अलावा अवशेष रहे यात्री भी इस वर्ष यात्रा हेतु पात्र होगें, उन्हें नये आवेदन किये जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

## जिला के प्रारंभिक विद्यालयों में चल रहे अर्धवार्षिक मूल्यांकन का पदाधिकारियों ने किया निरीक्षण



**मोतिहारी।** निदेशक माध्यमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में पूर्वी चंपारण जिला के सभी 2847 सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत वर्ग एक से वर्ग 8 तक के छात्र-छात्राओं का अर्धवार्षिक मूल्यांकन-2024 का आज पदाधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किया गया। इस संबंध में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा संयुक्त आदेश निर्गत किया गया है। अर्धवार्षिक मूल्यांकन के अनुश्रवण के लिए जिलाधिकारी के द्वारा उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। उड़नदस्ता दल के पदाधिकारी के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी जबकि स्थानीय थाना के प्रभारी पुलिस पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्ति हैं। जिलाधिकारी के द्वारा जारी किए गए संयुक्त आदेश में उड़न दस्ता दल के पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि अर्धवार्षिक मूल्यांकन-2024 के दौरान अपने-अपने प्रखंड के सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों का भ्रमण कर निरीक्षण करना सुनिश्चित करेंगे एवं यह सुनिश्चित करेंगे कि अर्धवार्षिक मूल्यांकन कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो।अर्धवार्षिक मूल्यांकन 18.09.2024 से 26.09.2024 तक चलेगी। मूल्यांकन दो पाली में कराई जा रही है। प्रथम पाली 10:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे अपराहन तक एवं द्वितीय पाली 1:00 बजे अपराह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक चलेगी।आज प्रथम पाली में वर्ग 3 से लेकर वर्ग आठवीं तक के लिए पर्यावरण अध्ययन/ सामाजिक विज्ञान तथा द्वितीय पाली में वर्ग 6 से वर्ग 8 के लिए विज्ञान विषय की मूल्यांकन आयोजित की गई।वर्ग 1 एवं 2 का मूल्यांकन लिखित न होकर केवल मौखिक होना है। जिलाधिकारी के द्वारा चकिया प्रखंड स्थित राजकीय उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय चिंतामनपुर में चल रहे मूल्यांकन कार्य का निरीक्षण किया गया।

## शेखपुरा- मद्य निषेध मंत्री कई कार्यक्रम में हुई शामिल,शराब बंदी को बताया सफल

**शेखपुरा )**



शेखपुरा पहुंचे मद्य निषेध,उत्पाद एवं निबंधन मंत्री रत्नेश सदा के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान अरियरी प्रखंड के चांदी गांव में आयोजित मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के कार्यक्रम में मंत्री को पूर्व विधायक रणधीर कुमार सोनी एवं सभी मंचासीन अतिथियों ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में मंत्री ने सूबे में शराबबंदी के वाहक के रूप में काम किए जीविका दीदियों की खूब तारीफें की। उन्होंने कहा कि जीविका दीदियां पूरे क्षेत्र में शराबबंदी कर स्वस्थ वातावरण का निर्माण की हैं और आगे भी चोरी-छिपे शराब बनाने और सेवन करने वालों को शराबबंदी के टोल फ्री नंबर -18003456268 पर फोन कर अपना नाम गुप्त रखते हुए शिकायत दर्ज करा सकती हैं। इस कार्यक्रम में अतिथियों ने सूबे में शराबबंदी के बाद शुरू किए गए सतत् जीविकोपार्जन योजना से लाभान्वित दीदियों के अनुभव को सुना जिनमें सोनी खातून जैसी बेसहारा महिला को इस योजना से जोड़कर किराना का दुकान करवाया गया जो शौहर के छोड़ कर चले जाने से दर-दर की ठोकरें खायी और घर-घर मजदूरी कर अपने दो बेटों की परवरिश की। अब किराना दुकान से आमदनी कमा कर अपना जमीन खरीद ली हैं और दोनों बेटों के साथ हंसी खुशी जीवन बसर कर रही हैं इसी तरह सतत् जीविकोपार्जन योजना से जुड़ी शैला देवी स्वयं दिव्यांग होने के साथ-साथ अपने पति की दिव्यंगता पर असहाय महसूस किया करती थी जो इस योजना से जुड़ने की बाद श्रृंगार एवं जेनरल स्टोर की दुकान कर महीने की 9 से 10 हजार रुपए की आमदनी कर जीवन यापन कर रही हैं। इसी प्रकार से शराब और ताड़ी का कारोबार करने वाले अनेकों परिवार की महिलाओं ने सतत् जीविकोपार्जन योजना से जुड़कर दुकान, बकरीपालन गौपालन,कृषि के कार्य से जुड़ने के साथ-साथ नीरा बेचने का व्यवसाय करने लगे हैं सतत् जीविकोपार्जन योजना से लाभान्वित 4 दीदियों को अतिथियों के हाथों योजना की तरफ से भेंट स्वरूप उनके जरूरत के सामान दिए गए। इन सब की तारीफ करते हुए माननीय मंत्री एवं मौके पर उपस्थित पूर्व विधायक,रणधीर सोनी ने शराबबंदी में मुख्य भूमिका निभाने वाली जीविका दीदियों की काफी सराहना की। इस अवसर पर माननीय अतिथियों का स्वागत उपस्थित प्रभारी उत्पाद अधीक्षक प्रकाश कुमार एवं जीविका डीपीएम संतोष कुमार सोनू ने पुष्पगुच्छ,पौधा और अंगवस्त्र भेंट कर किया। कला जत्था के द्वारा शराबबंदी पर प्रस्तुत किए गए नुक्कड़ नाटक ने सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों का दिल जीत लिया। इनकी कला से प्रभावित होकर मंत्री ने कलाकारों को पारितोषिक के रूप में कुछ नकद इनाम भी दिया।

## शेखपुरा- डीएम आरिफ अहसन के द्वारा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण से, सरकारी कर्मियों में हड़कंप



**शेखपुरा** शेखपुरा जिला के आरिफ अहसन के द्वारा बरबीघा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम आरटीपीएस कॉउन्टर का निरीक्षण कर वहॉ प्राप्त आवेदनों की समीक्षा उन्होंने की। इस क्रम में स्वयं ही कम्प्यूटर पर संबंधित पोर्टल को देखकर आवेदनों की निष्पादन की स्थिति के बारे ऑपरेटर से उन्होंने सवाल पूछे। जिला पदाधिकारी के द्वारा अंचल कार्यालय में पहुँचकर वहॉ कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी की जॉचकर पदस्थापित राजस्व कर्मचारियों,अमीनों इत्यादि के संबंध में जानकारी लिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी के कक्ष का निरीक्षण कर सम्पूर्ण प्रखंड भवन को बेहतर बनाने का उन्होंने निदेश दिया। उन्होंने कहा कि आप सभी प्रत्येक दिन का एक- तिहाई समय यहॉ पर लोक सेवकों का दायित्व निभाते हुये बिताते है। यहॉ के माहौल को अच्छा बनायें। अच्छा महौल आपके मन को तरोताजा करता रहेगा जिससे कि आप पूर्णरूप से समर्पित होकर कार्य करेंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी बरबीघा से उन्होंने वितीय वर्ष 24-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना के प्राप्त लक्ष्यों के संबंध में पूछताछ की प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि इस वर्ष 298 लाभार्थियों को आवास का लाभ दिया जाना है जिसमें अभीतक 134 लाभार्थियों को प्रथम किस्त की राशि दे दी गई है। बरबीघा प्रखंड के 9 पंचायतों में 7 आवास सहायक कार्यरत है जिनके द्वारा हर लाभार्थियों को शीघ्र आवास पूर्ण करने हेतु प्रेरित भी किया जा रहा है। वहीं अंचलाधिकारी द्वारा बताया गया कि बरबीघा अंचल अंतर्गत 73 राजस्व ग्राम है! तथा 4 राजस्व कर्मचारी कार्यरत है। वर्तमान में उनके अंचल का राज्य स्तर पर 35वें पायदान पर है। जिला पदाधिकारी द्वारा उन्हें नापी के लंबित आवेदनों को पूर्ण करने को कहा गया। बाल विकास परियोजना कार्यालय निरीक्षण में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बिना कारण के अनुपस्थित पायी गई जिसपर उनसे स्पष्टीकरण करने का आदेश उनके द्वारा दिया गया है। इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रखंड भवन में जीविका दीदियों के द्वारा बनाई गई रंगोली को भी उन्होंने देखा।

## जिलाधिकारी ने कृषि सभागार भवन में किया कृषि टास्क फोर्स की बैठक

### जिला कृषि पदाधिकारी को दिया आवश्यक निर्देश




**मोतिहारी।**

बुधवार को संयुक्त कृषि भवन सभागार छतौनी पूर्वी चम्पारण में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी, पूर्वी चम्पारण द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि डीजल अनुदान योजनान्तर्गत प्राप्त आवेदनों का शत्-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित किया जाय। वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत ई-केवाईसी एवं एनपीसीआई तथा नये आवेदनों का सत्यापन अविलंब सुनिश्चित किया जाय। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि ई-केवाईसी एवं एनपीसीआई के लंबित कार्यों को पूर्ण करने हेतु दिनांक 14.09.2024 से 20.09.2024 तक सभी प्रखंड/पंचायत में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उद्यान विभाग के समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी, पूर्वी चम्पारण द्वारा निदेश दिया गया कि योजना से आच्छादित किसानों की सूची उपलब्ध कराया जाय ताकि अधोहस्ताक्षरी के स्तर से संबंधित का क्षेत्र भ्रमण किया जा सके। पशुपालन विभाग के समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी, पूर्वी चम्पारण द्वारा जिला पशुपालन पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि पशुओं का टीकारण एवं नस्ल सुधार हेतु कृत्रिम गर्भाधान के कार्य में तेजी लायें। मत्स्य विभाग के समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी, पूर्वी चम्पारण द्वारा जिला मत्स्य पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि सात निश्चय पार्ट-2 के तहत मुख्यमंत्री समेकित चौर विकास पूरक योजना से संबंधित किसानों का आवेदन को स्वीकृत करते हुए कार्यादेश निर्गत करें। अंत में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मेकेनाईजेशन योजना (एस एम ए एम) अंतर्गत दो एफपीओ एवं एक एफआईजी को कृषि यंत्र बैंक (एफ एम बी) की स्थापना हेतु उक्त समूह को सौरभ जोरवाल, जिलाधिकारी, पूर्वी चम्पारण द्वारा ट्रैक्टर का चाभी एवं अन्य यंत्र प्रदान किया गया। विदित हो कि दिनांक 19.09.2024 को कृषि यांत्रिकरण योजना वर्ष 2024-25 अंतर्गत स्वीकृति पत्र निर्गत हेतु द्वितीय लॉटरी का आयोजन किया गया है। निर्गत स्वीकृति के माध्यम से वैधता अनुसार संबंधित कृषक निबंधित प्रतिष्ठान से यंत्र का क्रय कर सकते हैं। उक्त मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी, सहायक निदेशक 'कृषि अभियंत्रण', सहायक निदेशक 'उद्यान', सहायक निदेशक 'पौधा संरक्षण', सहायक निदेशक 'रसायन', सहायक निदेशक 'बीज विश्लेषण, सहायक निदेशक (शष्य) प्रक्षेत्र एवं सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी तथा संबंधित समूह के बीओडी के सदस्य मौजूद थे।

## तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में देश विश्वभर में अग्रणी बने - राष्ट्रपति मुर्मू

जयपुर। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में देश विश्वभर में अग्रणी बने। इसके लिए प्रौद्योगिकी संस्थानों को विश्वस्तरीय बनाने के लिए सभी मिलकर कार्य करें। उन्होंने राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षण संस्थाओं को शोध अनुसंधान में मौलिक दृष्टि रखते हुए कार्य करने, पर्यावरण अनुकूल तकनीक अपनाने और विकसित भारत की संकल्पना के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने का आह्वान किया। श्रीमती मुर्मु बुधवार को एमएनआईटी के 18वें दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रही थीं। उन्होंने समारोह में 20 में से 12 स्वर्ण पदक छात्राओं को मिलने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि लड़कियां आगे बढ़ती हैं, तो देश तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ेगा।

## निरसा के पीठाकियारी में घर के आंगन में भू धसान , लोग घर छोड़कर भागे



**झारखंड**

निरसा प्रखंड अंतर्गत पीठाक्यारी पंचायत के पांडे टोला निवासी विश्वजीत पांडे का घर बीती देर रात भूधसान की चपेट में आ गया । पीड़ित विश्वजीत पांडे ने बताया कि हम लोग कल रात्रि में सो रहे थे। जिसके बाद रात्रि के लगभग 12:00 बजे मध्य रात्रि में जोरदार आवाज हुई और हम लोग बाहर निकल कर देखें तो हमारे घर का सामने आंगन के पास बड़ा सा भुधसान हो गया ।जिसमें मेरा आंगन भी समा गया । हालांकि दो मंजिला इमारत इसकी चपेट में आने से बच गई और उसमें रह रहे लगभग दर्जनों लोग बच गए । घटना के बाद सुबह सभी ने तुरंत मकान को खाली करवाया और सड़क पर आकर बैठ गए । भुधसान इतना बड़ा था कि इनका लगभग आधा मकान इसकी चपेट में आ गया । लोगों ने बताया कि उनके घर के सामने ही एक बड़ा सा बंद कोयला खदान है जिसमें की पानी भरा हुआ है । बरसात के दिनों में अक्सर खदान के समीप की जमीन की मिट्टी गीली होने के बाद अक्सर यहां भुधसान होता है । घटना की सूचना मिलने पर निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी पहुंचे और पीड़ित परीवार से मुलाकात कर सरकारी मुआवजे को दिलवाने को लेकर बात कही और अवीलंब इन क्षेत्रों में मिट्टी भराई का काम करने के लिए भी उच्च अधिकारियों को कहा। साथ ही निरसा के प्रखंड विकास पदाधिकारी इंद्रलाल कुमार भी मौके पर पहुंचे और भुधसान का जायजा लिया तथा अभिलंब सरकारी सहायता जो भी नियम अनुसार है उसे पीड़ित को देने की बात कही और कहा कि अगर गांव वाले चाहे ग्रामीणों में एक मत हो तो इस बंद पड़े खदान की भराई करवाई जा सकती है ।

# विधायक श्याम बाबू यादव वीडियो राघवेंद्र कुमार मुखिया सिया सुंदरी देवी 71 लोगों को आवास का पैसा ट्रांसफर करते हुए

तेतरिया मधुआहां वृत्त पंचायत सरकार भवन में प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर विकास पखवाड़े पर मधुआहां वृत्त पंचायत सरकार भवन में स्थानीय विधायक श्याम बाबू यादव प्रखंड प्रमुख प्रखंड प्रमुख विनय कुमार यादव मुखिया सिया सुंदरी देवी प्रखंड विकास पदाधिकारी राघवेंद्र कुमार संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया तेतरिया मधुआहां वृत्त पंचायत सरकार भवन में प्रधानमंत्री के जन्मदिन के विकास पखवाड़े के अवसर पर बोलते हुए पिपरा विधायक श्याम बाबू यादव प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब और कमजोर वर्गों के लोगों के पक्के मकान उपलब्ध कराना है। विस्तार से बताते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी राघवेंद्र कुमार योजना के माध्यम से केंद्र सरकार हद जरूरतमंद परिवारों को आवास सुविधा प्रदान करता है ताकि उसे परिवार का जीवन स्तर बेहतर हो सके इस योजना के अंतर्गत आवास निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है जो सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में ट्रांसफर किया जाता है भारत सरकार की एक योजना है जिसके माध्यम से ग्रामीण इलाकों को रहने वाले निर्धन लोगों को उनकी क्रय शक्ति के अनुकूल घर प्रदान किया जाता है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2024 पब्लिक 25 नई आवास सूची रात के मधुआंहांवृत्त पंचायत के 71 लोगों के खाते में प्रथम किस्त की राशि ट्रांसफर की गई विस्तार से बोलते हुए अपना नाम प्रधानमंत्री पीएमजी के अंतर्गत प्रधानमंत्री नई लिस्ट में नाम है या नहीं है आप भी आवेदन किए हैं तो आपको भी घर से ही यह जान सकते हैं कि आपका नाम सूची में शामिल किया गया है या नहीं इसके साथ आप को यह भी जानकारी मिल जाएगी कि आपके खाते में किस ट्रांसफर हुआ है या नहीं मौके पर



उपस्थित माधवाहा व्रत पंचायत मुखिया सिया सुंदरी देवी तेतरिया पंचायती के मुखिया सुबोध कुमार गुप्ता मुखिया संघ के अध्यक्ष प्रभाकर कुमार और पप्पू जी मधुआहां वृत्त पंचायत मुखिया पति डॉ मनोज कुमार यादव पंचायत समिति सदस्य अरविंद प्रसाद कुशवाहा पंचायत समिति सदस्य पूर्वी अभिषेक कुमार यादव संतोष कुमार यादव रमेश कुमार यादव वार्ड सदस्य जोगीराम पुतली देवी तुला अंसारी साहित्य सैकड़ो लोग उपस्थित थे

## सुगौली प्रखंड के मानसिघा गांव राशन मांगने गए उपभोक्ताओं के ऊपर डीलर ने ढाई कहर

मोतिहारी सुगौली मे राशन मांगने गए लोगों को डीलर ने मारपीट कर सर फोडा। घटना दक्षिणी मानसिंघा का है जहा गदन राम डीलर ने यह काम किया है। बुच्च गांव के लोगों का डीलर के यहां तीन माह का राशन बकाया है। उक्त राशन को लेने लोग गए थे। डीलर उक्त बकाए राशन को नहीं देना चाह रहा था. कहा सुनी हुई तो वह मारपीट करने लगा

## यूं टी एल के मालिक अमित कुमार उर्फ बबलू को 7 सेकेंड में 16 बार चाकू रौंदा

मोतिहारी पूर्वी चंपारण जिला के ढाका क्षेत्र का है दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है. जहां एक शो रूम घुसकर मालिक को बदमाशों ने दनादन सात सेकेंड में 16 बार चाकुओं से गोद दिया. हमले गंभीर रूप से जख्मी दुकान मालिक अमित कुमार उर्फ बब्लू को आस पास के दुकानदारों ने इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया. पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी की जांच की. जिसमें चाकू मारते बदमाश दिख रहा है.मिली जानकारी के अनुसार यूटीएल शो रूम के मालिक अमित कुमार उर्फ बब्लू ढ़ाका थाना के भलूअहिया गांव के रहने वाले हैं. हरदिन की तरह वह अपने दुकान में थे. उसी दौरान दो लोग दुकान में आए और कुछ बातचीत के बाद एक युवक उसपर चाकू से लगातार प्रहार करने लगे. बदमाश ने एक नहीं, दो नहीं पूरे 16 बार चाकू से गोद दिया. इस दौरान दर्द से अमित काफी चिखता है जो सीसीटीवी में दिख भी रहा है.जख्मी अमित ने थाना को दिए बयान में बताया कि लूट के नीयत से आए बदमाशों ने उसे चाकू मारा है. जख्मी अमित के शरीर पर लगभग दस जगह चाकुओं के जख्म के निशान है. घटना ढ़ाका बाजार स्थित हाईस्कूल के पास स्थित यूटीएल शो रूम की है. घटना के संबंध में सिकरहना डीएसपी अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस टीम सीसीटीवी की जांच कर रही है.घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी. सीसीटीवी की जांच की जा रही है. जख्मी अमित के शरीर पर लगभग आठ दस जगह चाकू के जख्म हैं. उसके शरीर पर गहरा जख्म नहीं है. उसका इलाज चल रहा है और उसकी स्थिति स्थिर है. घटना की जांच की जा रही है.- अशोक कुमार, सिकरहना डीएसपी

## निरसा के शासनबेरिया रोड पर एक स्वीट कार ने बाईक सबार युवक को मारी टक्कर, बाइक सबार की घटना स्थल पर हुई मौत

**झारखन्ड** निरसा थाना अंतर्गत शासनबेरिया मोड़ के करीब शाम 6~30 बजे मुगमा की ओर से आ रही एक स्विफ्ट कार ने निरसा की ओर जा रही एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मारी जिससे बाइक सवार ने गुब्बारे की तरह उड़ते हुए सड़क किनारे पानी जमे गड्ढे में जा गिरा और स्विफ्ट कार ने टक्कर मारने के बाद बीच सड़क पर ही पलटनिया मारने लगी. मौके पर ग्रामीणों ने निरसा पुलिस को सूचना देते ही पुलिस पहुंचकर देखा की बाइक सवार युवक मौके पर ही दम तोड़ चुका था और स्विफ्ट पर सवार चार लोगों ने मौका देखकर फरार हो गए वहीं ग्रामीणों ने बताया कि स्विफ्ट पर सवार सभी लोगों ने काफी नशे की हालत में थे । NHI के एंबुलेंस मौके पर पहुंच कर मृतक बाइक सवार युवक को धनबाद के एसएमएमसी



पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक बाइक सवार गोविंदपुर के परासी गांव का रहने वाला 45 वर्षीय जफिर अंसारी था जो फाइबर ब्लॉक के काम के सिलसिले में मुगमा क्षेत्र में आया हुआ था. घर लौटने के क्रम में उसके साथ दुघर्टना घटी और मृतक के घर वाले ने घटना की खबर सुनकर धनबाद के एसएनएमएमसीएच पहुंच गए ।

## रतनपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई दर्जन भर पियक्कड़ो को भेजा जेल समद समेत नौ पियक्कड़ चढ़े पुलिस के हत्थे

रतनपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए दर्जन भर पियक्कड़ो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जब की वाहन चेकिंग के दौरान एक बाइक समेत चार बोतल नेपाली शराब के साथ दो को जेल भेज दिया द्य जानकारी देते हुए रतनपुर थाना अध्यक्ष कृष्णा कुमार सिंह ने बताया की बिहार मे पूर्ण शराब बंदी कानून लागू है बावजूद शराब पीते है जो पुलिस के हत्थे चढ़ गया सिंह ने आगे कहा संध्या गश्ती एवं वाहन चेकिंग के दौरान एक काला-उजला रंग का हीरो सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल रजि० से दो अभियुक्तों (1) सूरज कुमार, उम्र करीब 22 वर्ष, पे०-चंदर पासवान, सा०-घुरना बाज़ार, वार्ड नं०-10, थाना-घुरना, जिला-अररिया (2) सोनू कुमार यादव, उम्र करीब 19 वर्ष, पे०-डोमी प्रसाद यादव, सा०-समदा, वार्ड नं०-05, थाना-रतनपुरा, जिला-सुपौल को 04 बोतल नेपाली



दिलवाले सोफी देशी शराब के साथ गिरफ़्तार कर रतनपुरा थाना कांड संख्या-61/2024, दिनांक-1.09.2024, धारा-30(डु) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संसोधित अधिनियम-2022 दर्ज कर दोनों गिरफ़्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत एवं शराब सेवन के आरोप में अप्राथमिकी अभियुक्त (1) मो0 अनवर अंसारी, उम्र करीब 23 वर्ष, पिता-मो0 इसारुद्दीन अंसारी, ग्राम-गढौआ, वार्ड नं0-14, थाना-रतनपुरा, जिला-सुपौल (2) धीरेन्द्र कुमार, उम्र करीब 19 वर्ष, पिता-राम नारायण सादा, ग्राम-परमानंदपुर, थाना-करजाईन, जिला-सुपौल (3) विद्या कुमार, उम्र करीब 21 वर्ष, पिता-राजेन्द्र सादा, ग्राम-परमानंदपुर, वार्ड नं0-09, थाना-करजाईन, जिला-सुपौल (4) बसंत कुमार, उम्र करीब 19 वर्ष, पिता-श्याम सादा, ग्राम-परमानंदपुर, वार्ड नं0-09, थाना-करजाईन, जिला-सुपौल (5) सुरेन्द्र कुमार मुखिया, उम्र करीब 24 वर्ष, पिता-योगेन्द्र मुखिया, ग्राम-जीवछपुर, वार्ड नं0-13, थाना-भीमपुर, जिला-सुपौल (6) रंजीत कुमार, उम्र करीब 26 वर्ष, पिता-सुरेन्द्र बहरदा, ग्राम-जीवछपुर, वार्ड नं0-14, थाना-भीमपुर, जिला-सुपौल ( ) रहिन्द्र कुमार, उम्र करीब 24 वर्ष, पिता-स्व0 रामचंद्र सहनी, ग्राम-जीवछपुर, वार्ड नं0-12, थाना-भीमपुर, जिला-सुपौल (8) ओम प्रकाश सादा, उम्र करीब 25 वर्ष, पिता-बुद्धू सादा, ग्राम-जीरबंधी, वार्ड नं0-10, थाना-बलुआ बाज़ार, जिला-सुपौल (9) मो0 समद, उम्र करीब 28 वर्ष, पिता-मो0 ताहिर, ग्राम-जीरबंधी, वार्ड नं0-10, थाना-बलुआ बाज़ार, जिला-सुपौल को गिरफ़्तार कर माननीय न्यायालय, सुपौल में उपस्थापन हेतु भेजा गया

## गंगा नदी एवं सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर को लेकर प्रशासन अलर्ट

**सभी अंचलाधिकारी एवं बाढ़ नियंत्रण के अभियंता लगातार फील्ड में भ्रमणशील रहकर स्थिति पर रखेंगे नजर, जहाँ भी आवश्यक होगा स्थानीय स्तर पर नाव परिचालन की व्यवस्था करेंगे सुनिश्चित-प्रभारी जिलाधिकारी**

छपरा

गंगा एवं सरयू नदी में बढ़ते जलस्तर को लेकर जिला प्रशासन सतर्क एवं अलर्ट मोड में है। आज प्रभारी जिलाधिकारी सह उपविकास आयुक्त ने सभी अंचलाधिकारियों एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक किया। सभी अंचलाधिकारियों, अनुमंडल पदाधिकारी, एवं बाढ़ नियंत्रण के अभियंताओं को लगातार क्षेत्र



में भ्रमणशील रहकर स्थिति पर नजर बनाये रखने को कहा गया है। कुछ स्थलों पर जारी कटाव निरोधी कार्यों पर निरंतर निगरानी रखते हुये पूर्ण कराने को कहा गया। सभी अंचलाधिकारी आवश्यक होने पर आश्रय स्थल एवं सामुदायिक रसोई की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। इसके लिये आवश्यक पूर्व तैयारी रखने को कहा गया। जहाँ भी यातायात की दृष्टिकोण से नाव आवश्यक हो, वहाँ

## पोषण मेला में कुपोषण से बचाव को पोषक तत्वों की दी गई जानकारी

समस्तीपुर (हसनपुर) - प्रखंड के फुलहारा पंचायत के बसतपुर में पोषण मेला का आयोजन किया गया। पोषण मेला में नवजात शिशुओं और गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने के तौर-तरीकों के बारे में व्यापक जनकारी दी गई। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म आयोजित की गई और छह माह के बच्चे का अन्नप्राशन संस्कार भी किया गया। महिलाओं की गोद में गिफ्ट और सामग्री रखी गई। महिलाओं की आरती उतारी गई। इसके अलावा महिलाओं को जानकारी दी गई कि उन्हें



किस तरह का आहार देना है। उन्हें बताया गया कि स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पोषक तत्वों की जानकारी और मोटा अनाज के व्यंजन को प्राथमिकता के रूप में अवश्य लेना चाहिए। मौके पर 7 माह की गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कर उनका मनोबल बढ़ाते हुए खानपान पर ध्यान देने की बात कही गई। इस मौके पर पीरामल स्वास्थ्य के प्रोग्राम लीडर अंजय कुमार ने बताया कि कुपोषण विभिन्न रूपों में प्रकट हो सकता है अल्प पोषण, सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी और अति पोषण। कुपोषण एक जटिल मुद्दा है जो सामाजिक आर्थिक स्थिति, पौष्टिक भोजन तक पहुँच, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और सांस्कृतिक प्रथाओं सहित विभिन्न कारकों से प्रभावित होता है। इससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ हो सकती हैं और शारीरिक और मानसिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। संतुलित आहार सेवन द्वारा कुपोषण को दूर किया जा सकता है। मौके पर मुखिया गीता देवी, पीरामल स्वास्थ्य के प्रोग्राम लीडर अंजय कुमार, गांधी फेलो गिरीश सिंह, महिला पर्यवेक्षिका विभा कुमारी, पंचायत की सभी आंगनबाड़ी सेविका, सभी आशा कार्यकर्ता, जीविका सीएनआरपी रीता देवी, जीविका के स्वयं सहायता समूह और ग्रामीण मौजूद थे।

## 2 दिन धरना देने के बाद आसनसोल एडीआरएम आशीष रंजन ने मुलाकात करने के बाद किया सकारात्मक वार्ता

झारखंड

निरसा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने बताया कि लगातार 2 दिन धरना देने के बाद आसनसोल एडीआरएम आशीष रंजन से मुलाकात करने के बाद उन्होंने कहा कि स्टेशन के संधि कारण करने का जो बात है हम लोग आसनसोल रेल मंडल के द्वारा बहुत ही जल्द कार्य को आरंभ कर देंगे जहां तक एक्सप्रेस ट्रेन धाराओं की बात है इसको लेकर रेल मंत्रालय का मामला है रेल मंत्रालय का निर्देश आते ही इस पर भी गंभीरता पूर्वक विचार किया जाएगा और उसी का दिन है कि आज विगत एक सप्ताह से आसनसोल रेल मंडल के अधीन थापा नगर स्टेशन पर स्टेशन का



शुद्धिकरण को लेकर प्लेटफॉर्म यात्री सेट शौचालय निर्माण का कार्य शुरू किया गया है श्री गोस्वामी ने कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का आंदोलन का दिन है कि थापा नगर स्टेशन पर स्टेशन का संधि कारण का कार्य प्रारंभ किया गया इसके लिए रेल प्रशासन बधाई के पात्र है बहुत जल्द एक प्रतिनिधिमंडल 5 अक्टूबर को दिल्ली जाकर पार्टी के शिष्य नेतृत्व को लेकर रेल मंत्री अश्विन वैष्णव से मुलाकात कर यात्री सुविधा के लिए थापर नगर स्टेशन पर धनबाद पटना इंटरसिटी दुमका रांची इंटरसिटी देवघर रांची इंटरसिटी सहित तर्जुमा एक्सप्रेस ट्रेन की मांग की ठहराव का मांग रेल मंत्री से की जाएगी

## चिरकुंडा शहीद चौक के समीप नालियों का पानी सड़क पर ,लोगो मे आक्रोश

झारखंड

चिरकुंडा जहा एक तरफ चिरकुंडा नगर परिषद स्वच्छता का शपथ ले रही है वहीं चिरकुंडा नगर परिषद अंतर्गत चिरकुंडा शहीद चौक के समीप से एक स्वच्छता का धजिया उड़ाने का शर्मनाक मामला सामने आया है। जहां नालियों के गंदे पानी चिरकुंडा शहीद चौक गंदमय हो गया है। जहां हमारे तीन माह पुरुष शहीदो की प्रतिमा स्थल है उसके चारों ओर गंदे नालियों का पानी बह रही है। जिससे लोगों में काफी आक्रोश देखा गया है। लोगों को कहना है कि चिरकुंडा नगर परिषद लगातार स्वच्छता का दावा कर रही है लेकिन सभी दावा जमीनों पर खोखले साबित हो रही है। हालांकि इस मामले में चिरकुंडा नगर परिषद के अधिकारियों का कहना है कि नाली की सफाई नगर परिषद द्वारा करने के लिए जेसीबी मशीन गई थी ।चिरकुंडा एक्सिस बैंक के



समीप किसी के निजी जमीन पर स्थित नाले से पानी बाहर आ रही है। जिसे साफ करने नगर परिषद द्वारा जेसीबी मशीन लगाया गया था लेकिन उक्त जमीन के मालिक द्वारा कहा गया कि नाली की सफाई नही निर्माण होनी चाहिए फिर जिसेबी मशीन और सफाई कर्मी बैरंग लौट गए। हालांकि जो भी हो इस तरह की स्थित कहीं ना कहीं चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा चलाए जा रहे स्वछता अभियान का मुंह चिढा रही है।

## बिजली स्मार्ट मीटर एवं बढ़ती महंगाई के खिलाफ पुतला दहन

मधुबनी समाहरणालय के सामने भारतीय मित्र पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बिजली स्मार्ट मीटर एवं बढ़ती महंगाई के खिलाफ पीएम नरेंद्र मोदी,सीएम नीतीश कुमार,मुकेश अंबानी एवं गौतम अडानी के पुतले का दहन किया। इस दौरान केंद्र एवं बिहार के एनडीए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रेस को संबोधित करते हुये भारतीय मित्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनेश्वर महतो ने कहा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से लगता है की अडानी एवं अंबानी के हाथों वें हो पूरी तरह से बिक चुके हैं। एनडीए के सभी नेता आम जनता के हित के लिये बड़ी-बड़ी बातें करते हैं लेकिन हक़ीक़त से कोसों दूर है।धरातल पर ऐसा कुछ भी नहीं है। हकीकत को तो कोसो दूर है। उन्होंने बताया की 10 सालों में हिंदुस्तान की कई सरकारी



कंपनियां को बेचने का काम मोदी एवं नीतीश सरकार ने किया है और बेचने का प्रयास भी कर रही है। इसका परिणाम है की अडानी और अंबानी ने देश की जनता का खून चूसने का काम किया है। जनता को महंगाई के दलदल मे झोंक दिया गया है। जनता की यह हालत यह हो चुकी है की सही से उनके घर में चूल्हा तक नहीं चल रहा है। इसका ताजा उदाहरण बढ़ती महंगाई से लोग त्रस्त है। बिजली स्मार्ट मीटर लोगो को स्मार्ट तरीका से लूटने का कार्य कर रही है। जनता बिजली विभाग के अनापशनाप बिल से परेशान है। धनेश्वर महतो ने कहा सरकार जल्द से जल्द बिजली स्मार्ट मीटर वापस ले और बढ़ती महंगाई से जनता को राहत देने का काम करे। उन्होंने कहा अगर सरकार हमलोगों की मांग नहीं मानती है तो भारतीय मित्र पार्टी आंदोलन को तेज करेगी। मौके पर महिला सेल की अध्यक्ष वीणा देवी,जिला अध्यक्ष राजेश महतो,ललित कुमार सिंह,मोहम्मद जावेद,उमेश भंडारी,रामबाबू चौधरी समेत कई कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

## उप विकास आयुक्त ने स्वच्छता ही सेवा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया

उप विकास आयुक्त किशनगंज के द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान का थीम स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अभियान के तहत दिनांक 18 .9 .24 को पोठिया प्रखंड अंतर्गत रायपुर पंचायत के खड़खरी चौक पर चौपाल एवं जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां उप विकास आयुक्त के द्वारा आम जनों को ग्राम पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने हेतु कई टिप्स दिए गए साथ ही प्रत्येक घरों से रोज कचरा का संग्रह किया जा सके और कर्मी का मानदेय भुगतान हो इस पर विशेष बल दिया गया साथ ही खरखरी चौक अंतर्गत सभी दुकानों की सूची बना उपयोगिता शुल्क लेने हेतु प्रेरित किया गया आज के इस अभियान में कुल 5150 रुपया उपयोगिता शुल्क जमा किया गया उप विकास आयुक्त ने भी उपयोगिता शुल्क की राशि में अपना योगदान दिया उपस्थित सभी जीविका दीदी एवं ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ भी दिलवाई गई साथ ही निदेशक डीआरडीए ने ग्राम पंचायत के मुखिया को निर्देश दिया कि उपयोगिता शुल्क बढ़ाने हेतु वार्ड वार्ड बैठक करना सुनिश्चित करेंगे जन संवाद कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी पोठिया मो आसिफ़ जिला समन्वय संदीप कुमार मिश्रा प्रखंड समन्वयक कमल कुमार एलएसबीए रायपुर पंचायत के मुखिया सभी वार्ड सदस्य जीविका दीदी स्वच्छता कर्मी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे

## पुर्व विधायक माननीय अरूप चटर्जी के प्रति आस्था जताते हुए सेंकड़ों युवाओं ने भाकपा माले का दामन थामा

**झारखन्ड** केलियासोल प्रखंड अन्तर्गत धाबाड़ि , भिमारडिह, दलदली गांव, दलदली मुस्लिम टोला में समारोह का आयोजन किया गया । समारोह में भाजपा -झामुमो छोड़ पूर्व विधायक अरूप चटर्जी जी के प्रति आस्था जताते हुए सभी युवाओं को माला पहना कर भाकपा माले में स्वागत किया। श्री चटर्जी जी ने कहा कि आप लोगो को पार्टी में शामिल होने से पार्टी और मजबूत होगी , आपके हर सुख दुख में पार्टी कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी। और कहां इस बार निरसा में परिवर्तन की लहर है परिवर्तन होकर रहेगी , मौकेपर-- प्रबीर चटर्जी,दीप लायक, गोतम साधु, माधव दास, सजल, बासुदेव मंडल, पिन्टु, उज्जवल साधु, प्रविर साधु, निताई दास , श्यामल साधु, देवेन्दू, बलाई धीवर, कालिपद लायक़, सुकुमार चटर्जी, मिलन बाउरी, लालू धीबर, गोपीनाथ मंडल, सुजित बाउरी, संदीप, सनजिव, दिनेश उत्तम बाउरी, रिषि कुंभकार, दिबेंदु गोराई,बैद्यनाथ धीबर,काजल कुंभकार,संता बाउरी, गौरंगा बाउरी,संदीप लायक, दीप लायक,मिथुन धीबर,गौतम मंडल,सुमित मंडल,बापी धीबर,बिक्रम मंडल,उत्तम भंडारी,परिमल



स्वामी प्रकाशक एव मुद्रक अंतरिक पवार द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स , प्लाट न. 26 बी दशबंधु परिसर प्रस कॉम्प्लक्स जोन 1 एम. पी. नगर भोपाल म. प्र. 462011 स मुद्रित एव ज 144 तृतीय तल हर्षवर्धन नगर भोपाल मध्यप्रदेश 462003 स प्रकाशित
संपादक : अंतरिक्ष पवार मोबाइल नं. 8770227143 सहसंपादकः मोनिका सूर्यवंशी मोबाइल नं. 8224095350 समस्त न्यायिक कार्यवहियो के लिए क्षत्राधिकारी भोपाल न्यालय का रहेगा RNI No. MPHiN/2016/67534